# हरिभूमि

लोहड़ी की शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026










अजब- गजब निगम: मांगा कुछ ब्योरा दे दिया कुछ, भड़का नगरीय प्रशासन

# रायपुर में 23 लाख 60 हजार घरों में 2 लाख नल, मंदिर हसौद ने 5 हजार मकानों में दे दिए 6 हजार कनेक्शन

जिया कुरैशी ▸▸| रायपुर

> पेयजल संकट से निपटने के लिए सरकार ने जब नगरीय निकायों से जल संकट निवारण के लिए जानकारी मांगी, तो निकायों ने जो ब्योरा भेजा उससे नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग सिर पकड़कर बैठा है। नगर निगमों को गूगल शीट ही समझ नहीं आई और ऐसा डाटा भर दिया है जो समझ से परे है। सबसे बुरा हाल रायपुर नगर निगम का है।

खास खबर

रायपुर निगम ने बताया है कि राजधानी में 23 लाख 60 हजार से अधिक घर हैं, लेकिन नलों की संख्या 2 लाख से भी कम बताई गई। यही नहीं, मंदिर हसौद नगर पंचायत तो और भी आगे निकल गया, उसने अपने क्षेत्र में आवासों की संख्या 5 हजार 212 बताई और नल कनेक्शनों की संख्या 6 हजार 341। इसी तरह की गड़बड़ियां राज्य के कई और निकायों ने की। नतीजतन वाटर गैप एनालिसिस (विश्लेषण) नहीं हो सका।

छत्तीसगढ़ सरकार ने गर्मी में आने वाले पेयजल संकट से निपटने के तरीकों पर काम शुरू किया। इसके लिए संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने निकायों को गूगल शीट में अगामी गर्मी के मौसम में पेयजल संकट निवारण के लिए जल प्रदाय के प्रस्तावित कार्यों और समस्याओं के निराकरण के लिए ▸▸|शेष पेज 6 पर

### भिलाई, समोदा का यही हाल

नगर निगम भिलाई चरोदा द्वारा पाइप लाइन विस्तार, नवीन बोर, ओएचटी, सम्पवेल निर्माण की आवश्यकता है, जिसमें निराकरण किया जा सकता है, लेकिन इस काम के लिए कितनी लंबी पाइप लाइन लगेगी, उनकी संख्या कितनी होगी और खर्च कितना आएगा इसका हिसाब ही नहीं दिया गया। जल प्रदाय को गंभीरता से नहीं लियाजल प्रदाय को लेकर निकायों में कोई गंभीरता नहीं है, इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि नगर पंचायत समोदा, नगर पालिका अमलेश्वर द्वारा लापरवाही पूर्वक गूगल शीट में प्रविष्टी ही नहीं ▸▸| शेष पेज 6 पर

### गलत जानकारियां, नहीं हो सका वाटर गैप एनालिसिस





### निकायों ने भेजी ये जानकारी जो गलत निकली

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा कुल आवासों की संख्या 23 लाख 60 हजार 255 बताई है। कुल नल कनेक्शन की संख्या 1 लाख 99 हजार 543 बता दी गई। यह जानकारी देखने के बाद संचालनालय ने कहा कि 21 लाख 60 हजार 712 घरों में नल ही नहीं है। यह जानकारी सही नहीं लगती है। नगर पंचायत मंदिर हसौद द्वारा कुल आवासों की संख्या 5212 बताई गई है एवं कुल आवासीय नल कनेक्शन संख्या 6341 अंकित किया गया है। इस प्रकार निकाय द्वारा कुल 1129 नल कनेक्शन अतिरिक्त दिया गया है। इस ब्योरे को भी त्रुटिपूर्ण माना गया है।

### अधिकतर निकायों ने की ये गड़बड़ी

संचालनालय द्वारा सभी निकायों को भेजे एक पत्र में कहा गया है कि अधिकतर निकायों द्वारा निराकरण के लिए पाइप लाइन विस्तार की जानकारी दी गई है, जिसमें प्रस्तावित पाइप लाइन की लंबाई एवं होने वाले व्यय की जानकारी लाख रु. में चाहा गया था। निकायों द्वारा पाईप लाईन बिछाने से निराकरण होने की जानकारी दी है परंतु पाईप लाईन की लम्बाई एवं व्यय की जानकारी नहीं दी गई है। यही नहीं अधिकांश निकायों ने वर्तमान में अमृत मिशन,जल आवर्धन योजना के अंतर्गत कार्य कराये जा रहे है जिसके बाद भी निकाय को ग्रीष्म काल में पेयजल संकट निवारण के लिए सम्पवेल,ओएचटी की जरुरत बताई है। अधिकांश निकायों द्वारा ग्रीष्मकालीन संकट निवारण हेतु पाईप लाईन विस्तार की जरुरत बताई है लेकिन पाईप लाईन की लम्बाई एवं उस पर होने वाले व्यय राशि की जानकारी नहीं दी गई है।

प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का भव्य समापन

# स्काउट एक जीवन पद्धति, सिखाती है चुनौतियों से जूझनाः सीएम साय



एजेंसी ▸▸| रायपुर/बालोद

स्काउट जीवन जीने की एक पद्धति है, जो व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में भी आत्मनिर्भर बनना, टीम भावना से कार्य करना और समाज के लिए समर्पित रहना सिखाती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले के ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी के भव्य समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने देश के विभिन्न राज्यों से पधारे रोवर-रेंजरों एवं स्काउट-गाइड्स का भगवान श्रीराम के ननिहाल और माता शबरी की तपोभूमि छत्तीसगढ़ में आत्मीय अभिनंदन ▸▸|शेष पेज 6 पर

### सेवा, समर्पण और सहभागिता से बनेगा श्रेष्ठ भारत

भारतीय स्काउट-गाइड के राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त डॉ. के. के. खंडेलवाल ने कहा कि स्काउटिंग का मूल मंत्र है –अपने कार्यों से दूसरों का भला करना। उन्होंने कहा कि परंपरा और आधुनिकता का संतुलन तथा सेवा-भाव ही एक सशक्त और विकसित राष्ट्र की नींव रखता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### स्काउटिंग से मिलती है नेतृत्व की शक्ति

मुख्यमंत्री श्री साय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही राज्य और देश का भविष्य हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक वाक्य-उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए- का उल्लेख करते हुए युवाओं को आत्मविश्वास और संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड संगठन द्वारा सिखाए गए अनुशासन, सेवा-भाव, नेतृत्व और टीमवर्क जैसे मूल्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल में स्काउट-गाइड्स द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समाज को जागरूक और सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के तहत उपस्थित युवाओं को शपथ भी दिलाई।






अब तक पौने तीन सौ करोड़ की संपत्ति अटैच हो चुकी

# सौम्या, निखिल की ढाई करोड़ से ज्यादा संपत्ति हुई अटैच


सौम्या पर अब शराब घोटाले में ईडी का फंदा, पूछताछ के बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कोल घोटाला में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया तथा निखिल चंद्राकर की 2.66 करोड़ रुपए की आठ अचल संपत्ति अटैत की है। 540 करोड़ रुपए के कोल घोटाला में ईडी ने अब तक अलग-अलग आरोपियों की 273 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। अटैच संपत्ति में ▸▸|शेष पेज 6 पर

### 35 आरोपियों के खिलाफ पांच चार्जशीट

ईडी अब तक कोयला घोटाले मामले में 273 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों की पहचान कर उन्हें अटैच कर चुकी है। जांच के दौरान 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि 35 आरोपियों के खिलाफ 5 चार्जशीट स्पेशल कोर्ट में दायर की जा चुकी है। ईडी के अनुसार यह जांच बेंगलुरु पुलिस की एफआईआर, आयकर विभाग की शिकायत और छत्तीसगढ़ ईओडब्ल्यू, एसीबी रायपुर की एफआईआर के आधार पर शुरू की थी।

इसरो का पीएसएलवी-सी62 मिशन फेल

# ऑर्बिट से पहले ही अंतरिक्ष में गायब हो गया 'अन्वेषा'


एजेंसी ▸▸| श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को कहा कि एक विदेशी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह समेत 16 उपग्रहों को ले जा रहे रॉकेट पीएसएलवी-सी62 को 'एक विसंगति का सामना' करना पड़ा, जो इस मिशन के नाकाम होने का संकेत है। अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि उड़ान के तीसरे चरण के दौरान जब 'स्ट्रैप-ऑन मोटर' रॉकेट को निर्धारित ▸▸|शेष पेज 6 पर




### उड़ान पथ पर आगे नहीं बढ़ सका मिशन

प्रेस वार्ता में अंतरिक्ष विभाग के सचिव भी रहे नारायणन ने कहा, जैसा कि आप सभी जानते हैं कि आज हमने पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1 मिशन का प्रयास किया। मिशन अपेक्षित (उड़ान) पथ पर आगे नहीं बढ़ सका। फिलहाल यही जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने कहा, हम डेटा का विश्लेषण कर रहे हैं और सभी ग्राउंड स्टेशनों से एकत्र किए गए आंकड़ों का विश्लेषण पूरा होने के बाद हम आपको आगे की जानकारी देंगे।



उपमुख्यमंत्री सह खेल मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में आज स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा महोत्सव पर बिलासपुर शहर ने इतिहास रचा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा पुलिस ग्राउंड में आयोजित स्वामी विवेकानंद चेतना महोत्सव में 1500 बच्चों ने स्वामी विवेकानंदजी की वेशभूषा में सामूहिक रूप से पूर्ण वंदेमातरम का गायन किया।

# 1500 बाल स्वामी विवेकानंद बच्चों ने ली नशामुक्ति की शपथ, बन गया विश्व रिकॉर्ड

## उप मुख्यमंत्री व खेलमंत्री साव को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम ने सर्टिफिकेट देकर की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने 1500 बच्चों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। दूसरों को भी नशा के खिलाफ जागरूक करने का संकल्प लिया। श्री अरुण साव ने इस विश्व रिकॉर्ड के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्राप्त किया।वहीं पुलिस ग्राउंड बिलासपुर में 5625 फीट में विश्व की दूसरी सबसे बड़ी स्वामी विवेकानन्द जी की रंगोली बनाई गई, जिसे देखने बड़ी संख्या में बिलासपुरियन पहुंच रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने स्वामी विवेकानंद उद्यान स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि, बिलासपुर में आज 1500 बच्चों ने स्वामी विवेकानंद जी की वेशभूषा में नशा मुक्ति की शपथ लेकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि, स्वामी विवेकानंदजी ने दुनिया को भारत के आध्यात्म का परिचय कराया है।





**स्वामी विवेकानंद पर लगी प्रदर्शनी का किया अवलोकन :** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने स्वामी विवेकानंद उद्यान बिलासपुर में स्वामी विवेकानंदजी के जीवन पर आधारित ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू जी के साथ अवलोकन किया। उद्यान में यह प्रदर्शनी लगी रहेगी। यहां पहुंचकर बिलासपुर के नागरिक विवेकानंदजी की जीवनी से प्रेरणा लेंगे। इस अवसर पर श्री साव ने उद्यान में विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### 1500 बाल विवेकानंद सहित हजारों लोगों की विशाल शोभायात्रा निकली

स्वामी विवेकानंदजी के संदेश को जन जन तक पहुंचाने पुलिस ग्राउंड से विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो विवेकानंद उद्यान पर समाप्त हुई, जहां स्वामी जी के समृद्ध और मजबूत भारत के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक धर्मजीत सिंह, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर दीपक सिंह , राजेश सिंह, ओम माखीजा, शिक्षकगण, प्राचार्य, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### साय कैबिनेट की बैठक 21 को



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 21 जनवरी को राज्य मंत्रिपरिषद( कैबिनेट) की बैठक होगी। बताया गया है कि इस बैठक में राज्यपाल के अभिभाषण (26 जनवरी) का अनुमोदन किया जाएगा। साथ ही 23 जनवरी से रायपुर में लागू हो रही पुलिस कमिश्नरी प्रणाली के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। बताया गया है कि पिछली कैबिनेट में कमिश्नरी प्रणाली के संबंध में केवल इसे लागू करने की तारीख पर बात हुई थी। अब प्रणाली से संबंधित विधिक प्रावधान को लेकर कैबिनेट में मंजूरी के लिए विचार-विमर्श करने की संभावना बताई गई है।

### कैशियर ने नौ महीने में उड़ा दिए 11 लाख

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक अस्पताल के पार्टनर ने अपने कैशियर के खिलाफ 11 लाख रुपए अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ओम अस्पताल के पार्टनर विनोद अग्रवाल ने ओमप्रकाश गिर के खिलाफ अमानत में खयानत करने की शिकायत की है। विनोद ने पुलिस को बताया कि ओमप्रकाश ने अस्पताल की मिली ऑनलाइन रकम अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराने के बाद अस्पताल के एक महिला स्टाफ के अकाउंट में ट्रांसफर कर 11 लाख रुपए की गड़बड़ी की है।

### विधि विभाग के अवर सचिव को हार्ट अटैक, अस्पताल में मौत

**रायपुर।** मंत्रालय के विधि विभाग में पदस्थ अवर सचिव को मंत्रालय की लिफ्ट के समीप हार्ट अटैक आ गया। आनन-फानन उन्हें शहर के निजी अस्पताल लाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद मंत्रालय सहित अन्य शासकीय कार्यालय में नियत अवधि में कर्मचारियों की जांच के लिए हेल्थ कैंप लगाने की मांग उठी है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि अवर सचिव रण बहादुर ज्ञवाली सोमवार को ड्यूटी पर मंत्रालय आए थे। लिफ्ट के समीप वे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। साथी कर्मचारी एवं अधिकारी उन्हें आनन-फानन शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी-अधिकारी की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया गया है। सिन्हा ने आरोप लगाया कि शहर से दूर कार्यस्थल और 12 साल बाद भी अत्यावश्यक स्वास्थ्य सेवा का अभाव कई जिंदगी ले चुका है।

### 40 हजार का गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास क्राइम ब्रांच ने एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 हजार रुपए कीमत का चार किलो गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने उत्तरप्रदेश प्रयागराज निवासी राम कैलाश बिंद को गिरफ्तार किया है। राम कैलाश के कब्जे से पुलिस ने राजपूताना होटल के पास से गांजा जब्ती की है।

## जांच करने पहुंचे डीएफओ, एसडीएम

# वायरल वीडियो से वन अधिकारियों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पर्यटन स्थल कुमेली स्थित वन विभाग के रेस्ट हाउस में रइसों के बीच बार बालाओं के नृत्य करने की खबर प्रकाशित होने के बाद वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए सोमवार को एसडीएम के साथ वन अधिकारियों की टीम कुमेली रेस्ट हाउस पहुंची एवं आसपास के लोगों एवं वनकर्मियों से पूछताछ की।

**खास बात**

- अधिकारी वीडियो को बता रहे 2 साल पुराना, सितम्बर 2025 में हुई थी राजनीतिक रसूखों की पार्टी

बताया जा रहा है कि वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों से अवगत कराने पर उन्होंने तत्काल डीएफओं को मामले की जांच करने एवं दोषियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। निर्देश पर रविवार को देर शाम डीएफओ दुलेश्वर साहू अन्य वन अधिकारियों के साथ कुमेली रेस्ट हाउस पहुंचे थे। इस दौरान बीहड़ों के बीच स्थित रेस्ट हाउस में चौकीदार के अतिरिक्त कोई भी मौजूद नहीं था। सोमवार को एसडीएम अजय मोडियम, डीएफओ दुलेश्वर साहू, प्रभारी रेंजर उमेश वस्त्रकार अन्य वनकर्मियों के साथ कुमेली रेस्ट हाउस पहुंचे एवं वनकर्मियों व आसपास के ग्रामीणों से वायरल वीडियों के संबंध में पूछताछ की। उपवन मण्डलाधिकारी अशोक तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया वायरल वीडियों दो वर्ष पुरानी है। हालांकि वीडियों के समय सहित अन्य संबंधित जानकारियों के लिए इसकी फॉरेंसिक जांच कराने का निर्णय लिया है तथा जांच के लिए वीडियों एफएसएल लैब में भेजी जा रही है। वीडियों दो वर्ष पुराना भी है तो मामले में संबंधित फारेस्ट गार्ड सहित अन्य वनकर्मी दोषी है। रेस्ट हाउस में इस तरह की गतिविधियां संचालित होने के संबंध में न तो वनकर्मियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी न ही इस पर रोक लगाने की ही कोई पहल की। मामले में दोषी फारेस्ट गार्ड सहित अन्य वनकर्मियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि फॉलोअप



वनकर्मियों से पूछताछ करते अधिकारी।

### चौकीदार के पास रहती थी चाबी

सूत्रों का कहना है कि पहले रेस्ट हाउस की चाबी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के पास रहती थी। वन विभाग का रेस्ट हाउस पर्यटन स्थल के पास निर्जन स्थल पर है। पास में कोई बस्ती भी नहीं है। रेस्ट हाउस के एक किमी दूरी पर पण्डो बस्ती है जिसके कारण रेस्ट हाउस तक यदाकदा ही ग्रामीण पहुंचते हैं। एकांत होने के कारण रेस्ट हाउस में राजनीतिक रसूखदार एकांत का फायदा उठाकर आए दिन इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं।



सोशल मीडिया में वायरल हो रहा बार बालाओं के ठुमके लगाने का वीडियो

पर्यटन स्थल कुमेली स्थित रेस्ट हाउस बना रइसों का अड्डा

कार्यक्रम में शामिल एक शख्स ने बताया कि वीडियो सितम्बर 2025 का है। एक जिपं सदस्य ने बार बालाओं का नृत्य आयोजित किया था जिसमें बड़ी संख्या में विश्रमापुर, सूरजपुर सहित अन्य स्थानों के युवा शामिल हुए थे। पूर्व में रेस्ट हाउस से दबंग शराब पार्टी एवं जुए का फड़ भी सजाते थे। राजनीतिक प्रभाव के कारण वनकर्मी मौन दर्शक बने रहते थे।

### मिली है 2 करोड़ की स्वीकृति

क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह के जन्म दिवस पर पिछले साल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उनके गृहग्राम पटना पहुंचे थे तथा आमसभा में लोगों की मांग पर कुमेली को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 2 करोड़ रूपए देने की घोषणा की थी प्रदेश सरकार ने कुमेली में पर्यटन सुविधाएं विकसित करने राशि भी जारी कर दी है।

### की जाएगी कार्रवाई

वायरल वीडियों की फोरेंसिक जांच कराने एफएसएल लैब भेजा जा रहा है। प्रथम दृष्टया वीडियों दो साल पुरानी है। दोषी वनकर्मियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-अशोक तिवारी**
उपवन मण्डलाधिकारी, सूरजपुर

### चाइनीज मांझे पर सख्ती, दुकानों से जब्ती, जुर्माना भी लगाया

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम ने चाइनीज मांझे से हो रहे हादसों के बीच कार्रवाई की है। नगर निगम जोन 1 और जोन 5 की टीम ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के साथ मिलकर पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिबंधित चाइनीज मांझा मिलने पर उसे तुरंत जब्त किया गया। निगम की टीम ने संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया।

दरअसल राजधानी के लाखेनगर इलाके में रविवार की शाम प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला पैदल मंदिर जा रही थी, तभी उड़ता हुआ मांझा उनके चेहरे में फंस गया। मांझा हटाने की कोशिश में होंठ और अंगूठे में गहरे कट लग गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद कर मांझा हटाया और महिला को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना के बाद हरकत में आए निगम प्रशासन और छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की टीम ने सोमवार को शहर के गुढ़ियारी इलाके स्थित प्रयास हॉस्टल के पास स्थित 2 पतंग दुकानों की जांच की। वार्ड पार्षद सोहन साहू और जोन 1 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमराज देवांगन की मौजूदगी में जांच हुई। इस दौरान प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद किया गया। इसके साथ ही संबंधित दोनों दुकानदारों पर 5, 5 हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए दोबारा ऐसी गलती न करने की चेतावनी दी गई।

#### आमापारा में सड़क किनारे लगी दुकानें हटाईं, पतंग दुकानों की जांच

नगर निगम जोन 5 क्षेत्र में घासीदास प्लाजा, आमापारा मार्ग में सड़क किनारे लगी पतंग दुकानों की सोमवार को जांच की गई। यहां पर प्रतिबंधित मांझा मिलने पर जब्ती की गई। पतंग की दुकानों को सड़क से हटाया गया। इसके साथ ही व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए गए। निगम के अधिकारियों ने शहर के सभी पतंग दुकान संचालकों को स्पष्ट रूप से कहा है कि कहीं भी चाइनीज मांझा मिला, तो नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## धमतरी जिले में 4 राइस मिलों से 1.77 करोड़ का अवैध धान जब्त



**धमतरी।** जिले की राइस मिलों में प्रशासन व मंडी की टीम ने दबिश देकर 1.77 लाख का अवैध धान जब्त किया है। उपलब्ध स्टॉक एवं अभिलेखों के मिलान में गंभीर अनियमितताएं मिलीं हैं।

जिले में धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी अनुविभागों में राइस मिलों की सघन जांच एवं भौतिक सत्यापन अभियान चलाया है। अभियान के दौरान एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व और मंडी की गठित संयुक्त जांच दल ने धमतरी अनुविभाग की कविता राइस मिल एवं अजय ट्रेडिंग कंपनी देमार, नगरी अनुविभाग की एसके फूड्स एवं एएस डब्ल्यू राइस मिल तथा कुरूद अनुविभाग की श्री लक्ष्मी राइस मिल में छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान इन राइस मिलों में उपलब्ध स्टॉक एवं अभिलेखों के मिलान में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि कुछ मिलरों द्वारा निर्धारित मापदंडों के विपरीत भारी मात्रा में अवैध धान का भंडारण किया गया है, वहीं एक राइस मिल में बड़ी मात्रा में धान की कमी भी पाई गई। इन सभी मामलों में मण्डी अधिनियम एवं संबंधित नियमों अंतर्गत अवैध धान की जब्ती की कार्रवाई की गई।

- राजस्व और मंडी के संयुक्त जांच दल ने की कार्रवाई

### राइस मिलों में मिला धान

जांच में कविता राइस मिल में 250 क्विंटल, अजय ट्रेडिंग कंपनी देमार में 105 क्विंटल, एसके फूड्स में 76 क्विंटल तथा एएसडब्ल्यू राइस मिल में 72 क्विंटल अतिरिक्त धान पाया गया। वहीं कुरूद अनुविभाग की श्री लक्ष्मी राइस मिल में 6989 क्विंटल धान की गंभीर कमी सामने आई। जब्त एवं अनियमित धान का कुल अनुमानित मूल्य 1 करोड़ 77 लाख 42 हजार 963 रुपए आंका गया है।



### अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी: मिश्रा

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी मिलर्स को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शासन के साथ सकारात्मक एवं ईमानदार सहयोग करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध हालत में मिलीं कजाकिस्तान की दो महिलाएं, हिरासत में पूछताछ

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने कजाकिस्तान की दो महिलाओं को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि एक महिला का आठ माह पूर्व वीजा एक्सपायर हो गया है। दूसरी महिला के पास पासपोर्ट नहीं है। दोनों महिलाओं से आईपीएस, सीएसपी तथा आईबी के अफसर पूछताछ कर रहे हैं। दोनों महिलाओं की पुलिस ने गिरफ्तारी की अधिकृत पुष्टि नहीं की है। महिलाओं से पूछताछ तथा पड़ताल करने के बाद पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई करने की बात कह रही है। सूत्रों के मुताबिक, एक महिला टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी, जिसकी आठ माह पूर्व वीज अवधि समाप्त हो गई है। वीजा एक्सटेंशन के लिए महिला द्वारा किसी तरह की प्रोसेस नहीं कराए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। साथ ही महिला ने इस संबंध में डीएसबी को भी जानकारी नहीं दी है। एक अन्य महिला के पास पासपोर्ट नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, उक्त महिला ने पुलिस को अपना पासपोर्ट किसी दूसरी जगह होने की जानकारी पुलिस को दी है।

## जंबूरी 2026 में भ्रष्टाचार के संबंध में पीसीसी महामंत्री की याचिका सीजीएम कोर्ट में स्वीकार

**रायपुर।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री ने आज सक्षम विशेष न्यायालय एसीबी/ईओडब्ल्यू के समक्ष जंबूरी 2026 में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए याचिका दायर की। याचिका को न्यायालय ने स्वीकार करते हुए 20 जनवरी को सुनवाई हेतु मौका दिया है।

पीसीसी महामंत्री सुबोध हरितवाल ने कहा किमाननीय न्यायालय पर संपूर्ण विश्वास है। उम्मीद है कि जल्द ही दोषियों व भ्रष्टाचार करने वाले सभी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्यवाही होगी। उन्होंने बताया कि मंत्री गजेंद्र यादव, शामिल व्यापारी, अधिकारी के खिलाफ याचिका दायर की गई है। छत्तीसगढ़ में जेम पोर्टल से होने वाली सरकारी निविदाओं की पारदर्शिता एक बार फिर कठघरे में है। सवाल यह नहीं है कि टेंडर में गड़बड़ी हुई या नहीं। सवाल यह है कि क्या टेंडर खुलने से पहले ही यह तय कर लिया गया था कि काम किस कंपनी को मिलना है। बालोद जिले में प्रस्तावित नेशनल लेवल रोवर-रेंजर जंबूरी 2026 के आयोजन को लेकर सामने आए हालात इसी ओर इशारा कर रहे हैं। जंबूरी आयोजन का टेंडर 03 जनवरी को सुबह 12 बजे जेम पोर्टल पर खुलना था, लेकिन इससे पहले ही आयोजन स्थल शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बालोद में एक निजी कंपनी ने काम शुरू कर दिया। मौके पर भारत किराया भंडार के ट्रक, सामग्री और श्रमिकों की मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि काम पूरी तैयारी के साथ शुरू हो चुका है। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि जब टेंडर प्रक्रिया पूरी ही नहीं हुई थी, तो कंपनी को किसके आदेश पर काम शुरू करने की छूट मिली।



### अफसरों के मोबाइल बंद मिले

सुबोध हरितवाल ने कहा कि मामले को और संदिग्ध तब बना दिया जब टेंडर दस्तावेज में दिए गए संबंधित अधिकारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन तय समय पर फोन स्विच ऑफ मिला। सवाल यह भी है कि क्या अधिकारी जवाबदेही से बचने के लिए जानबूझकर संपर्क से दूर रहे। पूरे घटनाक्रम में बड़े पैमाने पर लेन-देन और पूर्व-निर्धारित ठेके की चर्चा भी सामने आ रही है।

## निर्मित हो गई थी एक दिन में दो परीक्षाएं आयोजित करने की स्थिति

# प्रायोगिक परीक्षाओं के बाद होंगे प्री बोर्ड, डीपीआई ने 20 तक दी थी मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिले में प्री बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 19 से 24 जनवरी तक होगा। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा इसकी समय-सारिणी जारी कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल और लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश पश्चात एक दिन में दो परीक्षाएं आयोजित करने की स्थिति निर्मित हो गई थी।

अब बोर्ड कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाओं के बाद प्री बोर्ड का आयोजन होगा। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा स्कूलों को 1 से 20 जनवरी के मध्य प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित कर अंक प्रेषित करने निर्देश दिए गए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा भी प्रदेशभर के स्कूलों से कहा गया है कि वे 20 जनवरी तक प्री बोर्ड आयोजित करें। आदेश जारी होने के पश्चात स्कूलों में परीक्षा को लेकर असमंजस की स्थिति थी। एक ही दिन में दो परीक्षाएं आयोजित किए जाने को लेकर प्राचार्य संग शिक्षक भी हलाकान थे। अब स्थिति स्पष्ट करते हुए जिला शिक्षा कार्यालय ने 19 से 24 जनवरी तक प्री बोर्ड आयोजित करने निर्देश दिए हैं।

स्कूलों से कहा गया है कि परीक्षा वाले दिन ही छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं जांच ली जाएं ताकि डीपीआई को यथाशीघ्र परिणाम प्रेषित किए जा सकें।



- खबर का असर, कुछ दिनों पूर्व रायपुर भूमि के प्रथम पृष्ठ पर छपी खबर का ईपीएस ले सकते हैं
- माशिम की प्रायोगिक परीक्षाएं 20 तक इन्हीं तिथियों में प्री बोर्ड के लिए आदेश
- 19 से 24 जनवरी तक होगी प्री बोर्ड परीक्षाएं, समय-सारिणी जारी

### समय-सारिणी जारी

विद्यालयों को टाइम-टेबल भेज दिया गया है। 19 जनवरी से प्री बोर्ड परीक्षाएं होंगी। 24 को अंतिम परीक्षा के बाद कुछ दिनों के अंतराल में ही नतीजे जारी कर देंगे।

**- हिमांशु भारतीय,** जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### जारी है प्रायोगिक परीक्षाएं

नववर्ष और सप्ताहंत के कारण अधिकतर स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं 5 जनवरी से प्रारंभ हुई है। स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं जारी हैं। बोर्ड कक्षा की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए बाह्य परीक्षक नियुक्त किए जाते हैं। दूसरे स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं लेने शिक्षक पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। इस कारण भी पूर्व निर्धारित तिथियों में प्री बोर्ड आयोजित करने दिक्कतें आ रही थी। छग बोर्ड के स्कूलों के साथ ही सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में भी प्रायोगिक परीक्षाएं जारी हैं। यहां भी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा होते ही छात्रों के अंक ऑनलाइन अपलोड कर दिए जाएं। अंक अपलोड करने के दौरान सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं, क्योंकि इसमें पुनः परिवर्तन नहीं होगा।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### अब टोकन नहीं, सीधे जाकर धान बेचें

राज्य सरकार ने किसानों की सुविधा के मद्देनजर ये तय किया है कि अब किसानों को धान बेचने के लिए टोकन जारी नहीं किए जाएंगे। जिन किसानों के पास बेचने के लिए धान शेष है, वे सीधे अपने क्षेत्र की सोसाइटी के उपार्जन केंद्र में जाकर धान बेच सकते हैं। हालांकि अब धान बेचने के लिए 31 जनवरी तक का ही समय है।



# 88 फीसदी को मिले टोकन, 12 फीसदी बचे किसान सोसाइटी में जाकर बेच सकते हैं धान

### अब तक जारी हुए 24 लाख से अधिक किसानों को टोकन

- राज्य में 70 प्रतिशत लघु सीमांत किसान बेच चुके हैं धान
- 65 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अलग खबर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 के दौरान अब तक राज्य के सभी जिलों में कुल मिलाकर 88 प्रतिशत किसानों को धान बेचने के लिए टोकन जारी हो चुके हैं। अब किसानों के टोकन नहीं दिए जाएंगे। सरकार ने ये व्यवस्था कर दी है कि जो किसान अब तक टोकन नहीं ले पाए हैं वे सीधे अपने क्षेत्र की सोसाइटी में जाकर धान बेच सकते हैं। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को लेकर तमाम आरोप-प्रत्यारोप और शिकवे शिकायतों के बाद अब तक मोटे तौर ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सबसे कम टोकन दंतेवाड़ा में सबसे ज्यादा जांजगीर चांपा में

छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में अगर धान उत्पादन के हिसाब से देखा जाए तो सबसे कम उत्पादन वाला जिला दंतेवाड़ा है। यहां अब तक केवल 41 प्रतिशत किसानों को टोकन मिला है। राज्य में सबसे अधिक धान उत्पादन वाले जिलों में जांजगीर चांपा हमेशा आगे रहा है। यहां 94 प्रतिशत किसानों को टोकन मिल चुके हैं। यहीं नहीं धान उत्पादक अन्य कई जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक किसानों को टोकन मिल चुका है। इनमें बिलासपुर 90 प्रतिशत, मुंगेली 94, सक्ती 90, सारंगढ़-बिलाइगढ़ 91, बालोद 91, दुर्ग 91 राजनांदगांव 94, खैरागढ़ छुईखदान-गंडई 91, मोहला मानपुर 90, बलौदाबाजार 90, धमतरी 94, रायपुर 93, प्रतिशत किसानों ने टोकन हासिल कर लिया है।अब तक 95 लाख मीट्रिक टन की खरीदीराज्य में नवंबर 15 2025 से शुरु हुई धान खरीदी के बाद अब तक 95 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

'ट्रुथ सोशल' पर साझा की तस्वीर

## वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति बन गए ट्रंप



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर अपनी एक तस्वीर साझा की और खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया। 'ट्रुथ सोशल' पर रविवार को साझा की गई तस्वीर ट्रंप की आधिकारिक 'फोटो' है और उसमें उनका पद ''वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति'' और 'जनवरी 2026 से वर्तमान राष्ट्रपति' ▶▶| शेष पेज 6 पर

### तेल कंपनियों को ट्रंप की दो टूक

बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दुनिया की दिग्गज तेल-गैस कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी, जहां उन्होंने साफ कर दिया कि वेनेजुएला में निवेश अब सीधे अमेरिका के साथ होगा, ना कि वेनेजुएला सरकार के साथ। ट्रंप ने सुरक्षा की गारंटी देते हुए तेल उद्योग को बड़े निवेश के लिए खुला न्योता दिया।

### अमेरिका का वेनेजुएला पर शासन!

विकिपीडिया की संपादित तस्वीर में डोनाल्ड ट्रंप को जनवरी 2026 तक वेनेजुएला के वर्तमान राष्ट्रपति के रूप में दर्शाया गया। बता दें कि वेनेजुएला के नेता निकोलस माडुरो की गिरफ्तारी के बाद ट्रंप ने यह भी दावा किया कि है जब तक सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक अमेरिका वेनेजुएला सरकार का 'संचालन' करेगा।

भारत-अमेरिका संबंध : नए राजदूत सर्जियो गोर ने संभाला कार्यभार

# बदले सुर : अमेरिका ने कहा- हमारे लिए भारत से जरूरी कोई देश नहीं

भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा जरूरी कोई देश नहीं है।उन्होंने ट्रेड डील को लेकर कहा कि मंगलवार को दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इसे लेकर फोन पर बात होने वाली है। अमेरिकी राजदूत ने राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती को असली बताया। उन्होंने कहा कि सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेदों को सुलझा लेते हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तनाव को दूर कर द्विपक्षीय संबंधों को दोबारा मजबूत करने के संकेत देते हुए दिल्ली में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को कहा कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने भारत आने पर एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में भारत के लिए महत्वपूर्ण खनिजों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अमेरिका के नेतृत्व वाले रणनीतिक गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में शामिल होने के निमंत्रण की भी घोषणा की। पदभार संभालने के कुछ ही घंटों बाद गोर द्वारा दिए गए इन बयानों को ट्रंप प्रशासन की ओर से ऐसे समय में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जब उसने हाल के महीनों में शुल्क (टैरिफ) और एच-1बी वीजा को लेकर भारत पर दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए गोर ने कहा, आपके और मेरे सामने कूटनीति ▶▶| शेष पेज 6 पर





- ट्रेड डील पर आज अमेरिका और भारत में हो सकती है बातचीत
- ट्रंप और पीएम मोदी की दोस्ती को बताया असली

### व्यापार वार्ता पर कही यह बात

बहरहाल, गोर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह बातचीत दोनों देशों के व्यापार वार्ताकारों के बीच टेलीफोन पर होगी या किसी अन्य माध्यम से। अमेरिकी राजदूत ने कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। इसलिए इसे (व्यापार वार्ता को) अंतिम चरण तक पहुंचाना आसान काम नहीं है लेकिन हम इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, व्यापार हमारे संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन हम सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अन्य अहम क्षेत्रों में भी मिलकर काम करते रहेंगे।

### पैक्स सिलिका

गोर ने 'पैक्स सिलिका' पहल का भी उल्लेख किया, जिसे अमेरिका ने पिछले महीने शुरू किया था। जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, इजराइल और कई अन्य देश पहले ही इसमें शामिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, आज मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अगले महीने भारत को इस समूह में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा, दुनिया नई प्रौद्योगिकी को अपना रही है, ऐसे में यह आवश्यक है कि भारत और अमेरिका इस पहल की शुरुआत से ही कंधे से कंधा मिलाकर काम करें।

### अगले साल भारत आ सकते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राजदूत ने राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती को असली बताया। उन्होंने कहा कि सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेदों को सुलझा लेते हैं। गोर ने उम्मीद जताई है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले एक से दो साल में भारत का दौरा कर सकते हैं।

### गोर को भारत का राजदूत चुनने में ट्रम्प ने 7 महीने लिए

जनवरी 2025 में राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने कई देशों के लिए राजदूत की नियुक्ति की थी लेकिन भारत के लिए गोर को राजदूत पद पर चुनने के लिए उन्होंने 7 महीने लगा दिए। ट्रंप ने अगस्त 2025 में गोर को भारत का राजदूत चुना था। वे ट्रंप के खास माने जाते हैं, उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कट्टर समर्थक हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रंप के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई थी।

### सियासत का 'पेंच'...



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव-2026 का उद्घाटन किया और बाद में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ पतंगबाजी का आनंद लिया। साबरमती आश्रम में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर मर्ज साबरमती रिवरफ्रंट गए, जहां राज्य सरकार ने पतंग महोत्सव का आयोजन किया है।

केंद्र-ईसी से मांगा जवाब

## सीईसी, चुनाव आयुक्तों को लाइफटाइम इम्यूनिटी, सीजेआई बोले- जांच करेंगे

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया और सेवा शर्तों को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है।



याचिका में सीईसी और चुनाव आयुक्तों को मुकदमे से 'आजीवन छूट' के प्रावधान को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर कहा है कि वह इस मामले की जांच करना चाहेगा। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### हम इसकी जांच करना चाहेंगे- सुप्रीम कोर्ट

सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि 'हम इसकी जांच करना चाहेंगे। हम नोटिस जारी कर रहे हैं।' नोटिस के जरिए मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम,2023 के तहत उनका पक्ष मांगा गया है।






महंगाई को लेकर सुलगा ईरान

## ईरान में अब तक 544 मौतें, ट्रंप बोले-ईरान बातचीत को राजी



एजेंसी ▶▶| दुबई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई को लेकर ईरान पर हमले की उनकी चेतावनी के बाद तेहरान वाशिंगटन के साथ बातचीत करना चाहता है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में सामने आई है, जब अधिकार कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कहा कि महंगाई और मुद्रा अवमूल्यन को लेकर देशव्यापी प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 544 हो गई है।

### ईरान में खामनेई के समर्थन में भी उतरे लोग

इस बीच, ईरान में सोमवार को सरकार के आह्वान पर लाखों प्रदर्शनकारी धर्मतंत्र के समर्थन में प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतरे। इसे 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के शासन को सीधे तौर पर चुनौती देने वाले विरोध-प्रदर्शनों के खिलाफ शक्ति-प्रदर्शन के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित दृश्यों में प्रदर्शनकारी 'अमेरिका मुर्दाबाद', 'इजराइल मुर्दाबाद' और 'अल्लाह के दुश्मनों का अंत हो' जैसे नारे लगाते दिखे।

### हिरासत में 10 हजार से अधिक प्रदर्शनकारी

अमेरिका स्थित 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी' ने कहा कि ईरान में महंगाई और मुद्रा अवमूल्यन को लेकर देशव्यापी प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 544 हो गई है। एजेंसी के अनुसार, मारे गए लोगों में 496 प्रदर्शनकारी और सुरक्षाबलों के 48 सदस्य शामिल हैं।




चिंतन

# भारत-अमेरिका संबंधों को सुधार पाएंगे गोर?

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में कार्यभार संभाल लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल गोर की नियुक्ति की घोषणा की थी। भारत-अमेरिका संबंध पिछले एक साल में अब तक के सबसे निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक की हालिया टिप्पणी से ऐसा संदेश गया, जैसे भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरी तरह पटरी से उतर गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया। जबकि पिछले साल दोनों नेताओं के बीच आठ बार बातचीत हुई थी। भारत पर इस समय दुनिया में सर्वाधिक टैरिफ लागू है। लगातार वार्ता होने के बावजूद दोनों देश अब तक किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके हैं। समझा जाता है कि गोर के आने के बाद दोनों देशों के संबंध एक बार फिर पटरी पर लौट सकते हैं। गोर की टैरिफ पर समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच चल रही वार्ता पर यह टिप्पणी खास तौर पर ध्यान देने योग्य है। गोर ने कहा, 'सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेद दूर कर लेते हैं।' राष्ट्रपति ट्रंप की हाल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत को याद करते हुए गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अक्सर अपनी भारत यात्रा और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत समझ का जिक्र करते हैं। गोर ने कहा, आशा है कि राष्ट्रपति जल्द ही भारत आएंगे, उम्मीद है अगले एक या दो वर्षों में। दोनों देशों के संबंधों पर गोर ने आगे कहा, 'भारत से अधिक महत्वपूर्ण कोई साझेदार नहीं है। आने वाले महीनों और वर्षों में भारत में राजदूत के रूप में मेरा लक्ष्य एक अत्यंत महत्वाकांक्षी एजेंडा आगे बढ़ाना है। हम यह एक सच्चे रणनीतिक साझेदार के रूप में करेंगे, जहां दोनों देश अपनी-अपनी ताकत, सम्मान और नेतृत्व लेकर आगे आएंगे।' गोर का यह रुख दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने का काम कर सकता है। हालांकि ट्रंप का एक साल का कार्यकाल भारत के लिए किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं रहा। टैरिफ को अगर छोड़ भी दें तो भी ट्रंप ने वह हर काम किया, जिससे भारत के हितों पर प्रतिकूल असर पड़ता हो। एच1बी वीजा से लेकर रेमिटेंस पर टैक्स बढ़ाना, अवैध भारतीयों को हथकड़ी लगाकर वापस भेजना, अमेरिका जाने के इच्छुक भारतीयों के लिए वीजा में देरी आदि ऐसे कई काम हुए हैं, जिसने आम भारतीय के दिल में भी अमेरिका के प्रति सम्मान को कम किया है। गोर अभी अपने कार्यकाल की शुरुआत कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए भारतीयों के मन में अमेरिका का सम्मान स्थापित करना भी बड़ी चुनौती होगा। पाकिस्तान के परोक्ष शासक आसिम मुनीर को ट्रंप ने जिस तरह से गले लगाया है, वह किसी भारतीय को पसंद नहीं आया। इसलिए गोर की भारत में राह बहुत आसान होगी, यह कह पाना मुश्किल है। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि यह 'आसान काम नहीं' है। जब वह कहते हैं कि व्यापार हमारे रिश्ते का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन हम सुरक्षा, आतंकवादरोधी प्रयास, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी मिलकर काम करते रहेंगे तो साफ हो जाता है कि अमेरिका की प्राथमिकता क्या है? गोर भारत में अमेरिकी राजदूत के साथ ही दक्षिण एवं मध्य एशिया के विशेष दूत भी हैं।



आर्थिकी
अश्विनी महाजन

# जीडीपी वृद्धि से नहीं रुकेगी रुपए की गिरावट

पिछली तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुँच गई है। तेज़ आर्थिक ग्रोथ से आम तौर पर किसी देश की करेंसी मज़बूत होनी चाहिए, लेकिन भारत अक्सर एक विरोधाभास का अनुभव करता है, जहां जीडीपी ग्रोथ ज्यादा होने पर भी उसकी करेंसी काफ़ी कम हो जाती है। इस विरोधाभास को समझने की ज़रूरत है, क्योंकि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जीडीपी ग्रोथ से तय नहीं होता है, बल्कि कई तत्वों से तय होता है, जिनका असर विदेशी मुद्रा की मांग और पूर्ति पर पड़ता है। वास्तव में, हाई ग्रोथ वास्तविक आर्थिक विस्तार को दर्शाती है, जबकि रुपये का मूल्य सापेक्ष कीमतों, पूंजी प्रवाह और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करता है।

आज़ादी के बाद से, भारतीय रुपये की अमेरिकी डॉलर के मुकाबले धीरे-धीरे कमज़ोर होने की प्रवृत्ति रही है। 2024 में 3.30 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर से गिरता हुआ 2025 के मध्य तक 83.4 रुपये और दिसंबर 2025 तक लगभग 90 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर हो गया। रुपये की कमज़ोरी की रफ़्तार दशकों में अलग-अलग रही है, जो घरेलू पॉलिसी और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक हालात दोनों को दिखाती है। शुरुआती सालों (1947–1966) में, ब्रिटिश पाउंड से जुड़े स्थिर विनिमय डर के तहत रुपया लगभग 4.4% वार्षिक की दर से गिरा। 1966 और 1976 के बीच, 1966 के अवमूल्यन और कड़े नियमन के बाद अवमूल्यन सालाना 1.8% तक धीमा हो गया।

1976-1986 के बीच तेल के झटकों और आर्थिक दबाव की वजह से हर साल 3.5% की थोड़ी ज़्यादा गिरावट देखी गई, जबकि 1986-1996 में सबसे ज़्यादा 10.9% सालाना गिरावट देखी गई, जो भुगतान शेष संकट और बाज़ार निर्धारित विनिमय दर की वजह से हुई। उदारीकरण के बाद, 1996 के बाद से, रुपये की गिरावट में कमी आई। 1996-2004 के दौरान हर साल 3.0%, 2004-2014 में हर साल 2.9%, और 2014-2024 तक हर साल 3.3%। कुल मिलाकर, जबकि गिरावट संरचनात्मक है, 1990 के दशक के बाद नीति सुधारों और आर्थिक स्थिरता ने इस प्रवृत्ति को स्थायित्व प्रदान किया। हालांकि, पिछले एक साल में रुपये में 4.7 प्रतिशत की ज़्यादा तेज़ी से गिरावट आई है, यह एक अल्पकालिक घटना लगती है। यह एक आम धारणा है कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था का मतलब है कि उस मुद्रा की ताकत भी मजबूत होगी। वर्तमान समय में यह धारणा ग़लत साबित हो रही है। हम देखते हैं कि पिछले लगभग एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज़ गति से बढ़ रही है और पिछले लगभग पांच वर्षों से इसे दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होने का गौरव प्राप्त है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार (जीडीपी) 2014 में 2.07 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। इस दौरान प्रति व्यक्ति आय भी 1554 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2878 अमेरिकी डॉलर हो गई है। अगर हम वर्तमान मूल्यों पर जीडीपी देखें, तो यह 2014-15 में 106.6 लाख करोड़ रुपये से तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 2024-25 में 331.03 लाख करोड़ रुपये हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि पिछले दो सालों में, रुपये-डॉलर विनिमय दर में उतार-चढ़ाव एक जैसा नहीं रहा है। पिछली तिमाही में, भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसे संघर्षों और युद्धों के कारण भूराजनीतिक तनाव और अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा शुरू किए गए अभूतपूर्व टैरिफ युद्ध के कारण अस्त-व्यस्त वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच काफी अच्छा माना जाता है। तेज़ आर्थिक ग्रोथ से आम तौर पर किसी देश की करेंसी मज़बूत होनी चाहिए, लेकिन भारत अक्सर एक विरोधाभास का अनुभव करता है, जहां जीडीपी ग्रोथ ज़्यादा होने पर भी उसकी करेंसी काफ़ी कम हो जाती है। इस विरोधाभास को समझने की ज़रूरत है, क्योंकि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जीडीपी ग्रोथ से तय नहीं होता है, बल्कि कई तत्वों से तय होता है, जिनका असर



विदेशी मुद्रा की मांग और पूर्ति पर पड़ता है। पहला, विनिमय दर सिर्फ़ जीडीपी ग्रोथ के बजाय पूंजीगत प्रवाह से ज़्यादा चलती है। मज़बूत ग्रोथ के बावजूद, अगर विदेशी निवेशक वैश्विक अनिश्चितता, अपने देश/देशों में बढ़ती ब्याज़ दरों, या रिस्क से बचने की वजह से पूंजी निकालते हैं, तो रुपया कमज़ोर हो जाता है। भारत में ठीक यही हुआ है; 2025 में ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने 15 दिसंबर, 2025 तक भारतीय स्टॉक मार्केट से 18.4 बिलियन अमरीकी डॉलर निकाले, भारतीय अर्थव्यवस्था में किसी कमज़ोरी की वजह से नहीं, बल्कि अपने ही कारणों से। फिर से, हम देखते हैं कि एफपीआई की भारी निकासी के बावजूद, भारतीय स्टॉक मार्केट अपने ग्रोथ के रास्ते पर चलते रहे हैं। निकासी के लगातार दबाव का विदेशी मुद्रा की पूर्ति पर बुरा असर पड़ा है और इसके कुल असर ने रुपये की गिरावट में अहम भूमिका निभाई है। दूसरा, मज़बूत होने के बजाय, ज़्यादा जीडीपी ग्रोथ, रुपये की गिरावट का कारण भी बन सकती है। भारत में ज़्यादा ग्रोथ अक्सर आयात को बढ़ाती है, खासकर कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और पूंजीगत सामान के लिए। बढ़ते आयात से डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव पड़ता है। हम देखते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मशीनरी और कई दूसरे क्षेत्रों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए कलपुर्जों और कच्चे माल का आयात ज़रूरी हो जाता है, जिससे विदेशी मुद्रा की माँग बढ़ती है। इसके अलावा, बढ़ी हुई मैन्युफैक्चरिंग निर्यात से ज्यादा देश में ही उपभोग हो जाती है। गौरतलब है कि भारत के वस्तु व्यापार में घाटा 2023-24 में 240 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 282.2 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। इससे भी बड़ी बात यह है कि इस घाटे में से 85.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 99.2 बिलियन यूएस डॉलर सिर्फ़ चीन से थे। यह प्रवृत्ति 2025-26 में भी जारी रहेगी, जहाँ अप्रैल से सितंबर 2025 के पहले छह महीनों में, वस्तु व्यापार में घाटा 59.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है। तीसरा, डॉलर के दबदबे और दुनिया भर में मॉनेटरी सख्ती से भी रुपया कमजोर हो रहा है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के दायरे से बाहर है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सख्ती के समय, ज़्यादातर करेंसी के मुकाबले डॉलर मजबूत होता है। ऐसे समय में, रुपये में गिरावट दुनिया भर में डॉलर की मजबूती को दिखाती है, घरेलू कमजोरी को नहीं। चौथी बात, महंगाई से करेंसी की वैल्यू में गिरावट आती है। भारत के मामले में, अतीत में अधिक महंगाई रुपये के कमज़ोर होने का एक बड़ा कारण रही है। कम महंगाई न केवल हमारे निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर बनाती है, बल्कि आयात पर भी दबाव कम करती है। इस तरह यह व्यापार शेष और भुगतान शेष को नियंत्रण में रखने तथा घरेलू करेंसी को स्थिर बनाए रखने में मदद कर सकती है।

पांचवीं बात, भारत की अधिकांश ग्रोथ निर्यात के बजाय घरेलू खपत और सार्वजनिक निवेश से संचालित होती है। जब ग्रोथ घरेलू मांग से आती है, तो निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में समान अनुपात में वृद्धि हुए बिना यह अपने आप करेंसी की मज़बूती में नहीं बदलती। छठी बात, कई बार सरकार स्वयं निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए रुपये की कीमत कम होने देती है या उसे प्रोत्साहित करती है। इसलिए, कभी-कभी रुपये की गिरावट एक नीति होती है, न कि किसी आर्थिक विफलता का संकेत। वास्तव में, हाई ग्रोथ वास्तविक आर्थिक विस्तार को दर्शाती है, जबकि रुपये का मूल्य सापेक्ष कीमतों, पूंजी प्रवाह और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करता है। दोनों का एक साथ होना कोई विरोधाभास नहीं है, बल्कि संरचनात्मक रूप से आयात-निर्भर अर्थव्यवस्था की एक विशेषता है।

(लेखक दिल्ली विवि के पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

लोक संस्कृति
बाल मुकुन्द ओझा



# लोक संस्कृति और समृद्धि का पर्व है लोहड़ी


देश की बहुरंगी लोकसंस्कृति का महत्वपूर्ण त्योहार लोहड़ी मकर संक्रान्ति के एक दिन पहले मनाया जाता है। इस साल लोहड़ी पर्व 13 जनवरी को मनाया जाएगा। लोहड़ी का पर्व फसल से जुड़ा है। यह पर्व नई फसल की बुआई और पुरानी फसल की कटाई से संबंधित है। विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत में यह त्योहार परंपरागत हंसी-ख़ुशी, उमंग-उत्साह के साथ मनाया जाता है। प्रवासी भारतवासी विदेशों में भी अपने रंगीले त्योहार की खुशियां गीत, संगीत और नृत्य के साथ बांटते है। लोहड़ी का त्योहार हर साल 13 जनवरी को मनाया जाता है। ज्योतिष विज्ञान के अनुसार, यह त्योहार सूर्य की उत्तरी गोलार्ध की यात्रा का प्रतीक है। मुख्यतः पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत के इस लोकप्रिय फसल उत्सव में अच्छी फसल के लिए आभार व्यक्त करने और ईश्वर से सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के लिए पवित्र अलाव जलाया जाता है। लोहड़ी मनाने के पीछे भी एक कहानी है जिसके नायक दुल्ला भट्टी हैं। बताया जाता है कि सांदल बार इलाके के जागीरदार ने एक ब्राह्मण की दो बेटियों को उठा लिया था। यह इलाका अब पाकिस्तान के मुल्तान शहर के पास है। दुल्ला मुगलों के खिलाफ तब गुरिल्ला लड़ाई कर रहे थे। कहानी के मुताबिक दुल्ला भट्टी ने दोनों लड़कियों को छुड़ाया और खुद गरीब ब्राह्मण की जगह उनका बाप बना। लड़कियों के सिर के सालू (पल्लू) को बेटियों की इज्जत माना जाता था, जिसे उसने रखवाया। तब किसी गरीब के हक में और



वह भी लड़कियों के हक में खड़े होना बड़ी बात थी। हर त्योहार की तरह यह भी दोस्तों, परिवार और रिश्तेदारों के साथ मिलकर मनाया जाता है। उपले और लकड़ी की मदद से बोनफायर जलाया जाता है। पंजाब में लोहड़ी का त्योहार प्रमुख रूप से और बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से दिन छोटा और रात काफी बड़ी होती है। फसल कटाई के मौके पर मनाए जाने वाले इस त्योहार को बोनफायर जलाकर सेलिब्रेट किया जाता है। वहीं लोग इसके चारों तरफ घूमकर नाचते हैं और आग में प्रसाद डालते हैं। पंजाब के अलावा हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में इसकी धूम होती है। पारिवारिक समूह के साथ लोहड़ी पूजन करने के बाद उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी एवं मूंगफली का भोग लगाया जाता है। ढोल की थाप के साथ गिद्दा और भाँगड़ा नृत्य इस अवसर पर विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं। पंजाबी समाज में इस पर्व की तैयारी कई दिनों पहले ही शुरू हो जाती है। इसका संबंध मन्नत से जोड़ा गया है अर्थात जिस घर में नई बहू आई होती है या घर में संतान का जन्म हुआ होता है तो उस परिवार की ओर से खुशी बाँटते हुए लोहड़ी मनाई जाती है। सगे-संबंधी और रिश्तेदार उन्हें आज के दिन विशेष सौगात के साथ बधाइयाँ भी देते हैं। लोहड़ी से 10-12 दिन पहले ही बच्चे 'लोहड़ी' के लोकगीत गाकर दाने, लकड़ी और उपले इकट्ठे करते हैं। इस सामग्री से चौराहे या मुहल्ले के किसी खुले स्थान पर आग जलाई जाती है। रेवड़ी और मूंगफली अग्नि की भेंट किए जाते हैं तथा ये ही चीजें प्रसाद के रूप में सभी लोगों को बाँटी जाती हैं। घर लौटते समय 'लोहड़ी में से दो चार कोयले प्रसाद के रूप में, घर पर लाने की प्रथा भी है। लोग अग्नि के चारों ओर चक्कर काटते हुए नाचते-गाते हैं व आग मे रेवड़ी, मूंगफली, खील, मक्की के दानों की आहुति देते हैं। आग के चारों ओर बैठकर लोग आग सेंकते हैं व रेवड़ी, खील, गज्जक, मक्का खाने का आनंद लेते हैं। जिस घर में नई शादी हुई हो या बच्चा हुआ हो उन्हें विशेष तौर पर बधाई दी जाती है। पहले बेटा होने पर त्योहार मनाया जाता था, मगर अब कन्या होने पर दूने जोश और उत्साह से कन्या लोहिड़ी का पर्व मनाया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य बेटियों को समाज में बेटों के बराबर मान-सम्मान मिले व लोगों की नकारात्मक सोच को बदलना है। आज लोहड़ी के त्योहार की पवित्रता सैकड़ों गुणा बढ़ गई है, क्योंकि यहां भारतीय संस्कृति में देवी के रूप में पूजी जाने वाली कन्याओं की लोहड़ी मनाई जा रही है। सच है कि जिनके यहां बेटी ने जन्म लिया है, वे समाज की रूढ़ियों को तोड़कर बेटी की पहली लोहड़ी हर्षोल्लास से मना रहे हैं। पंजाबी समाज ने कन्या लोहड़ी मनाने की पहल कर देशवासियों का ध्यान बेटी के मान-सम्मान से जोड़कर पर्व मानाने की पवित्रता को द्विगुणित किया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बहुत सारे काम के बदले एक काम को बेहतर करे



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें**

सोशल मीडिया के लगातार उपयोग ने बच्चों में चिंता, अवसाद, नींद की कमी, साइबर बुलिंग, पढ़ाई में गिरावट, आत्मविश्वास में कमी, हिंसक या भ्रामक सामग्री का संपर्क जैसी समस्याएं तेज़ी से बढ़ाई हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित कई संस्थाओं ने बार-बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया कंपनियां नाबालिगों को प्लेटफॉर्म से दूर रखने में विफल रही हैं। इस बढ़ती चिंता के बीच दुनिया के दूसरे कोने से एक बेहद साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय सामने आया, ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त प्रतिबंध लागू कर दिया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट, टिकटॉक जैसे सभी प्लेटफॉर्म अब 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अकाउंट बनाने की अनुमति नहीं देंगे। भारत में भी ऐसा ही होना चाहिए। *– मोहन जोशी, राजनांदगांव*

### ट्रेंड

**समाज के प्रति जिम्मेदारी**



जेएनयू की डिग्री केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है। मेरा विश्वास है कि यहां की समावेशिता, सामाजिक न्याय और जिम्मेदारी की परंपरा आगे बढ़ाते हुए छात्र विकसित भारत के लक्ष्य की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।
**- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

**सड़क सुरक्षा माह**



31 जनवरी तक हम प्रदेश भर में 'सड़क सुरक्षा माह' आयोजित कर रहे हैं। यह हमारे परिवारों और भविष्य की रक्षा का संकल्प है। प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुगम-सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस तो नियमों को कड़ाई से लागू करेगी ही, परंतु सभी का सहयोग भी अपेक्षित है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

**सबसे सुव्यवस्थित राज्य**



अगर किसी को ऋणों पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए तो वह कांग्रेस पार्टी है, जिसकी कर्नाटक सरकार ने ऋण लेने में नया रिकॉर्ड बनाया है। असम भारत का सबसे सुव्यवस्थित और सबसे तेजी से विकासशील राज्य है और इस तथ्य की पुष्टि आरबीआई ने भी की है।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

**क़ानून का डर ज़रूरी**



मेरठ के सरधना क्षेत्र में ही कश्यप समाज के युवक को जलाकर मार देने की अति क्रूर व शर्मनाक घटना की जितनी भर्त्सना की जाए, वह कम है। ऐसे आपराधिक तत्वों को क़ानून का डर होना ज़रूरी।
**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### करंट अफेयर

## भारतवंशी कुलकर्णी आरएएस के स्वर्ण पदक से सम्मानित



भारतवंशी खगोलशास्त्री प्रोफेसर श्रीनिवास कुलकर्णी को खगोलशास्त्र में उनकी महत्वपूर्ण खोजों के लिए लंदन स्थित 'रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' (आरएएस) द्वारा प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र में जन्मे कुलकर्णी कैलिफ़ोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (कैलटेक) में खगोलशास्त्र और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं, जहां उन्होंने 'ब्राउन ड्वार्फ़' और दूरस्थ गामा किरणों के विस्फोट सहित खगोलीय पिंडों की एक विस्तृत श्रृंखला की खोज की है। पिछले सप्ताह उन्हें मिले आरएएस स्वर्ण पदक प्रशस्ति पत्र में 'खगोल भौतिकी में उनके निरंतर, नवोन्मेषी और अभूतपूर्व योगदान' को मान्यता दी गई है। वर्ष 1824 से हर साल दिया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करके वह स्टीफन हॉकिंग, जोसेलिन बेल बर्नेल, अल्बर्ट आइंस्टीन और एडविन हबल जैसी महान वैज्ञानिक प्रतिभाओं की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। कुलकर्णी ने कहा, यह जानकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ, खासकर पिछले विजेताओं की शानदार सूची को देखते हुए। उन्होंने कहा, मैं अपने दीर्घकालिक सहयोगियों और पालोमर ट्रांजिएंट फैक्टरी और ज़्विकी ट्रांजिएंट प्रतिष्ठान की इंजीनियरिंग टीम और सदस्यों को परियोजनाओं में उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

### ऑफ बीट

## बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने साझा पठन-पाठन जरूरी



ब्रिटेन में बच्चों और युवाओं के बीच किताबें पढ़ने की रुचि लगातार घट रही है। एक सर्वेक्षण में यह सामने आया है कि आनंद के लिए किताबें पढ़ने वाले बच्चों का अनुपात पिछले दो दशकों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस स्थिति को देखते हुए ब्रिटेन सरकार, नेशनल लिटरेसी ट्रस्ट और अन्य संगठनों ने वर्ष 2026 को 'राष्ट्रीय पठन वर्ष' घोषित किया है, ताकि लोगों को पढ़ने के लिए फिर से प्रेरित किया जा सके। अभियान का उद्देश्य बच्चों और परिवारों को उनकी मौजूदा रुचियों के अनुरूप पढ़ने से जोड़ना है। विशेषज्ञों के अनुसार, माता-पिता और अभिभावकों के लिए बच्चों में पढ़ने का शौक विकसित करने का सबसे प्रभावी तरीका उनके साथ मिलकर पढ़ना है, चाहे बच्चा पढ़ने में रुचि रखता हो या नहीं। अध्ययनों से पता चलता है कि बचपन से बच्चों के साथ पढ़ने से सामाजिक और आर्थिक असमानताओं के प्रभाव को कम किया जा सकता है। छोटे बच्चों को पढ़कर सुनाने से उनके शुरुआती विकासात्मक लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलती है और वे आगे चलकर स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। कम उम्र से पढ़ने वाले बच्चों में भाषा सीखने की क्षमता तेज होती है और उनकी शब्दावली भी अधिक समृद्ध होती है, जिससे वे अच्छे पाठक बनते हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## ॥ कृष्ण की इच्छा के बिना तिनका भी नहीं हिलता। ॥

श्री चैतन्य चरितामृत – अंत्य-लीला



### भावपूर्ण स्मृति में

# अग्निवेश अग्रवाल

(3 जून 1976, पटना - 7 जनवरी 2026, न्यूयॉर्क)

अग्निवेश एक पावन आत्मा थे, जिन्हें **राधे-कृष्ण** ने **गोलोक वृंदावन धाम** में सेवा के लिए बुला लिया। वह निडर और साहसी थे, संगीत और खेल उन्हें बेहद प्रिय थे। वह प्रतिभाशाली व्यवसायी थे, और सबसे बढ़कर एक प्यारे बेटे, भाई और मित्र थे। वह हमेशा हमारे हृदय में जीवित रहेंगे।

"अग्निवेश, हम सारे वादे पूरे करेंगे।"

**आइए, हम एक साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें :**

**दिनांक :** बुधवार, 14 जनवरी, 2026 | **समय :** शाम 5-7 बजे

**स्थान :** वाईबी चव्हाण सभागार, नरीमन पॉइंट, मुंबई

ऑनलाइन जुड़ें :

**प्रार्थना में :**

**अनिल एवं किरन अग्रवाल, प्रिया एवं आकर्ष हेब्बार, माही**

प्रवीण एवं ज्योति, नवीन एवं रुचिरा, सुमन एवं विमल,

प्रतीक एवं सोनाक्षी, अंकित एवं श्वेता, नैवेद्य एवं अनन्या, अनन्य एवं नितिका, विराज, साक्षी एवं वरुण,

सभी गुप्ता परिवारजन,

**उनके सभी मित्र और सहयोगी**

एवं संपूर्ण वेदांता परिवार।

vedanta
transforming for good



तेहरान

## अलग-अलग देशों में सड़कों पर उतरे हजारो समर्थक

# ईरान के प्रदर्शन को दुनिया के कई देशों का समर्थन

**तेहरान।** ईरान में आर्थिक नीतियों के खिलाफ शुरू हुए जनआंदोलन का असर दुनियाभर में दिखाई पड़ रहा है। स्पेन, जर्मनी, कनाडा, अमेरिका सहित कई देशों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खेमेनेई के प्रदर्शन हुए। ईरान में तो यह प्रदर्शन सौ से ज़्यादा शहरों में फैल चुका है। सोमवार को भी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच सोमवार को हजारों सरकार समर्थक सड़कों पर उतरे। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने राजधानी तेहरान के एंघेलाब चौक की ओर जा रहे सरकार समर्थक प्रदर्शनकारियों की तस्वीरें दिखाईं। इस चौक को 'इस्लामिक क्रांति' चौक के नाम से भी जाना जाता है। सरकारी टेलीविजन ने सरकार के समर्थन में प्रदर्शन को 'अमेरिकी-यहूदी आतंकवाद के खिलाफ ईरानियों का विद्रोह' करार दिया। देश की खराब अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों में व्याप्त आक्रोश विरोध प्रदर्शनों में तब्दील हो गया था।


तेहरान


ईरान, मेड्रिड, स्पेन



ईरान, फ्रैंकफर्ट, जर्मनी

## खबर संक्षेप

### संसाधनों को बड़ी कंपनियों को सौंप रहे मोदी : खड़गे

**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मनरेगा को निरस्त करने और उसके स्थान पर 'वीबी-जी राम जी' नामक एक नयी ग्रामीण रोजगार योजना लागू करने के लिए केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है। खड़गे ने भाजपा को 'जनविरोधी' करार देते हुए सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों की मदद करने के बजाय 'देश के संसाधनों को बड़ी कंपनियों को सौंप' रहे हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को निरस्त करने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के विरुद्ध अपना संघर्ष जारी रखेगी। खड़गे ने वीबी – जी राम जी को रद्द करने और उसके स्थान पर मनरेगा को बहाल करने की मांग भी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''मैं किसी के भी बयान पर प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता। मनरेगा आम लोगों के लिए काम करने का अधिकार था। संविधान के निर्देशक सिद्धांतों के अनुच्छेद 41 के अनुसार, तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सोनिया गांधी के नेतृत्व में इसे कानून के रूप में अधिनियमित किया गया था।



## आई-पीएसी रेड विवाद : ईडी ने कहा-'बनर्जी कानून हाथ में लेती हैं

# ममता और अफसरों पर एफआईआर की मांग, लगाए कई गंभीर आरोप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पीएसी के कोलकाता स्थित दफ्तर पर ईडी की छापेमारी का मामला तूल पकड़ गया है। ईडी ने कहा है कि जिस तरह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कुछ अन्य लोगों ने छापेमारी के दौरान उसके काम में रुकावट पैदा की, इस मामले में सीबीआई की जांच होनी चाहिए। ईडी ने इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है और मामले में जल्द सुनवाई करने की मांग की है। यह कोई अकेली घटना नहीं है जहां ममता और उनकी सरकार के अफसरों ने जांच एजेंसी के काम में इस तरह बाधा डाली है। पिछले सप्ताह आई-पीएसी के निदेशक प्रतीक जैन के आवास और फिर साल्ट लेक स्थित आई-पीएसी के दफ्तर पहुंच गयी थीं। सीएम ने आरोप लगाया था कि ईडी टीएमसी का चुनाव से संबंधित संवेदनशील डेटा जब्त करने की कोशिश कर रही है।

**स्थानीय पुलिस सही ढंग से नहीं करेगी जांच -** ईडी ने कहा है कि चूंकि मुख्यमंत्री खुद गृह मंत्री भी हैं, वह, पश्चिम बंगाल के डीजीपी, कोलकाता पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त और अन्य पुलिस अफसर गंभीर अपराधों में शामिल हैं, इसलिए एफआईआर दर्ज कराने के लिए स्थानीय पुलिस से संपर्क करना बेकार ही होगा क्योंकि स्थानीय पुलिस सही ढंग से जांच नहीं करेगी और मुख्यमंत्री और सीनियर पुलिस अफसरों को बचाने के लिए लापरवाह ढंग से जांच करेगी।

टीएमसी का आरोप है, ईडी पार्टी का संवेदनशील डेटा जब्त करने की कोशिश कर रही






### बंगाल की कानून व्यवस्था हैरान करने वाली

ईडी ने अपनी याचिका में कहा है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति हैरान करने वाली है। ईडी ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कानून अपने हाथ में लेने का एक पैटर्न बना लिया है और जब भी किसी जांच में उन्हें, उनके मंत्रियों, पार्टी कार्यकर्ताओं या उनसे जुड़े अफसरों के खिलाफ कुछ सबूत मिलने की संभावना होती है, तब वे राज्य की पुलिस का दुरुपयोग करती हैं।

### आई-पीएसी पर छापेमारी के मामले में ईडी ने क्या कहा?

ईडी ने याचिका में कहा है कि वह अवैध कोयला खनन से जुड़े एक मल्टी स्टेट मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है, जिसमें अपराध से 2742.32 करोड़ रुपये की आय हुई और सार्वजनिक खजाने को नुकसान पहुंचाकर इसे अर्जित किया गया। जांच एजेंसी ने कहा है कि इस मामले की जांच के तहत ही ईडी के अफसरों ने आई-पीएसी के सह- संस्थापक प्रशांत जैन के घर की तलाशी ली थी क्योंकि इस बात के सबूत थे कि जैन के पास अपराध से कमाई गई 20 करोड़ रुपये से अधिक की आय मिलने के सबूत थे।

### जांच एजेंसी के अफसरों को डराने धमकाने का आरोप

ईडी ने याचिका में कहा है कि इन लोगों ने जांच एजेंसी के अफसरों को डराया-धमकाया और उनसे ऐसी फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक सबूत छीन लिए जिनमें मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अहम आपराधिक सबूत थे। ईडी ने कहा है कि उसने जो सबूत जुटाए थे, उनका किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं था और वे पूरी तरह से जांच के मामले से संबंधित अपराध तक ही सीमित थे। जांच एजेंसी ने कहा, 'जब जांच एजेंसी द्वारा जुटाए गए सबूतों को मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त ने छीन लिया और इसे मीडिया के सामने तमाशा बना दिया तो इससे संविधान और कानून के शासन का अपमान हुआ, जिससे संवैधानिक सिद्धांतों को नुकसान हुआ जिनकी सुप्रीम कोर्ट ने हमेशा रक्षा की है।'

## पीएम मोदी व जर्मन चांसलर ने किए कई एमओयू

# भारतीयों के लिए जर्मनी में वीजा फ्री ट्रांजिट का ऐलान


भारत दौरे पर आए हैं फ्रेडरिक मर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पहले दौरे पर जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ सोमवार को गुजरात के अहमदाबाद पहुंचे। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक ने भारतीयों के लिए जर्मनी में वीजा फ्री ट्रांजिट का ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने पीएम मोदी के साथ दोनों देशों के बीच कई एएमओयू पर साइन किए। दौरे के दौरान जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने बयान दिया कि भारत-जर्मनी के बीच घनिष्ठ सुरक्षा सहयोग से रूस पर भारत की निर्भरता कम होगी। उनके इस बयान पर विवाद होने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मामले पर जवाब जारी किया।

### जर्मनी के दृष्टिकोण में आया बदलाव

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा, 'वे (फ्रेडरिक मर्ज़) भारत के संबंध में रक्षा और सुरक्षा नीति को लेकर जर्मनी के दृष्टिकोण में आए बदलाव की ओर इशारा कर रहे थे। रक्षा सामग्री की खरीद के प्रति हमारा (भारत का) दृष्टिकोण पूरी तरह से हमारे राष्ट्रीय हितों से प्रेरित है।' आगे कहा, 'यह निश्चित रूप से वैचारिक नहीं है। मैं यह नहीं कहूंगा कि एक देश से खरीद का दूसरे देश से खरीद से कोई संबंध है। यदि हम इसे बाहर से खरीदने जा रहे हैं और घरेलू स्तर पर उत्पादन नहीं कर रहे हैं तो हम यह जानने की कोशिश करते हैं कि दुनिया में हम इसे सबसे सुविधाजनक तरीके से कहां से प्राप्त कर सकते हैं।'

### पक्षी से टकराई इंडिगो फ्लाइट ,आपात लैंडिंग

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया, जब गोरखपुर से बेंगलुरु जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट को हवा में पक्षी से टकराने के कारण आपात स्थिति में उतारना पड़ा। पायलट की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से सभी यात्री सुरक्षित रहे और किसी को कोई चोट नहीं आई। 11 जनवरी 2026 की शाम 6:25 बजे इंडिगो की फ्लाइट 6ई-437 ने गोरखपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरी। यह फ्लाइट बेंगलुरु जाने वाली थी और इसमें 216 यात्री सवार थे।

## आरएचएफएल के बैंक अकाउंट विवाद

# धोखाधड़ी मामला, अंबानी के बेटे को झटका, राहत नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी के खिलाफ रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के बैंक अकाउंट में धोखाधड़ी घोषित करने से जुड़ी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस जसमीत सिंह ने याचिकाकर्ता और आरएचएफएल के निदेशल जय अनमोल अंबानी को 10 दिनों के अंदर बैंक के सामने अपना पक्ष रखने को कहा है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि बैंक द्वारा लिए गए किसी भी फैसले का प्रभाव इस मामले में कोर्ट के आदेश के अधीन रहेगा। न्यायाधीश ने बैंक को एक स्पष्ट आदेश जारी करने और कोर्ट के सामने पेश करने को कहा।

**नोटिस के खिलाफ रोक नहीं- कोर्ट :** हाई कोर्ट ने जय अनमोल अंबानी से कहा, 'हम कारण बताओ नोटिस के खिलाफ रोक नहीं लगाएंगे। आप इस नोटिस में अपनी बात रखें। हम कहेंगे कि आपको जो भी कहना है, वे उसका जवाब देंगे। हम नोटिस पर रोक नहीं लगाऊंगा।

**कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
ब्लाक-डी, भू-तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़
Phone No. 0771-2263708, Fax No.-2262558,
www. tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in,

क्रमांक / 105/रा.यु.उ.यो./2025-26/11626
नवा रायपुर दिनांक 09/01/2026

**सूचना**


**वर्ष 2025-26 में राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की नई दिल्ली में तैयारी हेतु दिनांक 28.12.2025 को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के मेरिट सूची के संबंध में सूचना**

राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (A) अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थी जो नई दिल्ली स्थित विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं से वर्ष 2025-26 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आंमत्रित किया गया है। उक्त अभ्यर्थियों हेतु दिनांक 28.12.2025 दिन रविवार को समय दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसकी मेरिट सूची विभागीय वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in अवलोकन की जा सकती है। योजनांतर्गत वर्गवार निर्धारित सीट अनुसार मेरिट सूची पृथक से जारी की जायेगी।

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

जी. 252605954/2


## राशिफल


**मेष** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।


**वृष** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।


**मिथुन** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।


**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।


**सिंह** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।


**कन्या** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।


**तुला** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।


**वृश्चिक** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।


**मकर** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।


**कुंभ** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।


**मीन** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**कार्यालय नगर पंचायत पाली, जिला - कोरबा (छ.ग.)**
E-mail: cmopali@rediffmail.com
क्रमांक /864/न.पं. / रा.शा./2025-26 पाली, दिनांक: 12/01/26

**// मवेशी बाजार आम नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पाली अधिनस्थ मवेशी बाजार की वसूली सत्र 2026-27 (दिनांक 31.03.2027 तक) हेतु खुली नीलामी दिनांक 04.02.2026 दिन बुधवार को प्रात: 11.00 बजे नगर पंचायत कार्यालय परिसर में रखी गई है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रमांक | ठेका का नाम | अमानत राशि | शासकीय बोली |
|---|---|---|---|
| 01 | मवेशी बाजार | 1,50,000.00 | 13,00,000.00 |

अत: नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदार निर्धारित तिथि स्थान समय में निर्धारित अमानत राशि जमा कर भाग ले सकते हैं। अन्य नियम शर्तो एवं जानकारी कार्यालयीन अवधि में नगर पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(जल की सुरक्षा जीवन की सुरक्षा / जल है तो कल है / जल ही जीवन है।)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाली

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
(e-mail-eewrdnkota@gmail.com, eewrkot@cgwrd.in)

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**


आदेश क्र. 60 / व.ले.लि./2026 कोटा, दिनांक 03/0/2026

निविदा सूचना क्र. 08/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 17.09.2025 सिस्टम नं. 175728 (प्रथम आमंत्रण) "बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत् गोन्दइया एनीकट योजना का निर्माण कार्य" अनुमोदित लागत राशि रू. 1190.03 लाख की निविदा को मुख्य अभियंता, हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.) के ज्ञाप. क्र. सा-1-49 का-2025/03 बिलासपुर, दिनांक 03.01.2026 (जी नं. 252603594/3 दिनांक 19.09.2025) के परिपेक्ष्य में उक्त निविदा निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन
संभाग कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 252605959/3

## शब्द पहेली - 6107



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 6106 का हल



## सूडोकु नवताल- 6117

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

**खबर संक्षेप**



## रुपया डॉलर के मुकाबले बढ़कर 90.16 पर बंद

**मुंबई।** रुपया सोमवार को निचले स्तर से उबरते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की बढ़त के साथ 90.16 (अनंतिम) पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में कमी से रुपया लाभ में रहा। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि भारत में अमेरिका के नए दूत सर्जियो गोर के उस बयान के बाद शेयर बाजार की धारणा में भी सुधार हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## अदाणी समूह कच्छ में करेगा 1.5 लाख करोड़ रुपए निवेश



**अहमदाबाद।** अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा कि अदाणी समूह अगले पांच वर्षों में गुजरात के कच्छ क्षेत्र में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। करण अदाणी राजकोट में कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्रों के लिए आयोजित 'वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन' (वीजीआरसी) को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और कई प्रमुख उद्योगति मौजूद थे।

## एचसीएल टेक के लाभ में 11 प्रतिशत की गिरावट




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 11.2 प्रतिशत गिरकर 4,076 करोड़ रुपये रहा। एचसीएल ने सोमवार को शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 4,591 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ (कंपनी के मालिकों के लिए देय) दर्ज किया था।

# चांदी में 'सुनामी': एक दिन में 15,000 का उछाल, गोल्ड ने भी मचाया बवाल

**नई दिल्ली।** सिर्फ देश के वायदा बाजार में ही नहीं बल्कि चांदी की सुनामी दिल्ली के सराफा बाजार में भी देखने को मिल रही है। खास बात तो ये है कि चांदी की कीमतों में एमसीएक्स के मुकाबले में दिल्ली सराफा बाजार में ज्यादा तेजी देखने को मिली है। वहीं दूसरी ओर गोल्ड की कीमतों ने भी बवाल मचा हुआ है। जिसकी वजह से दोनों कीमती मेटल्स दिल्ली सराफा बाजार में रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गए हैं। सोमवार को देश की राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमतों में 15,000 रुपए की तीव्र वृद्धि दर्ज की गई और यह 2,65,000 रुपए प्रति किलोग्राम के लाइफटाइम हाई पर पहुंच गई।

### वैश्विक बाजार में भी सराफा तेज

इसके अलावा, 99.9 फीसदी प्योरिटी वाला गोल्ड 2,900 रुपए या 2.05 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,44,600 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को यह 1,41,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोने की कीमत पहली बार 4,600 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई।

**चांदी 2,65,000 रुपए प्रति किलोग्राम के लाइफटाइम हाई पर पहुंच गई**



### सोने ने 4,600 डॉलर प्रति औंस का स्तर छुआ

लेमन मार्केट्स डेस्क के रिसर्च एनालिस्ट गौरव गर्ग ने कहा, "सोने ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए 4,600 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस का स्तर छू लिया है, जबकि चांदी में और भी तेज उछाल आया है और यह 84 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई है, जो जोखिम-संवेदनशील वातावरण में इसकी उच्च बीटा को दर्शाता है।" अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में स्पॉट चांदी 4.3 अमेरिकी डॉलर या लगभग 6 प्रतिशत बढ़कर 84.61 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

### क्यों आई सोने और चांदी में तेजी?

ऑगमोंट की रिसर्च हेड रेनिशा चैनानी ने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और इस बढ़ती उम्मीद के चलते कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व को ब्याज दरों में और कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, चांदी ने 84 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस को पार करते हुए नए रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू लिया है।

### एमसीएक्स पर भी सोना-चांदी ने बनाया रिकॉर्ड?

देश के वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने और चांदी दोनों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। खास बात तो ये है कि दोनों के दाम नए लेवल पर पहुंच गए हैं। आंकड़ों को देखें तो चांदी के दाम कारोबारी सत्र के दौरान 12,756 रुपए की तेजी के साथ 2,65,481 रुपए के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई है। वैसे शाम 6 बजकर 30 मिनट पर चांदी की कीमत करीब 12 हजार रुपए की तेजी के साथ 2,64,700 रुपए पर कारोबार कर रही है।

## खुदरा महंगाई बढ़कर तीन महीने के हाई 1.33 फीसदी पर पहुंची

# आम आदमी पर पड़ी क्रीम, शैंपू , सब्जी और दाल की मार, 3 महीने की ऊंचाई पर पहुंची महंगाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भले ही जीएसटी रिफॉर्म के बाद काफी प्रोडक्ट्स की कीमतों में गिरावट देखने को मिली हो और महंगाई के आंकड़ों में कमी आई हो, लेकिन दिसंबर के महीने में रिटेल महंगाई 3 महीने के हाई पर पहुंच गई है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स यानी शैंपू, क्रीम, नहाने का साबुन और बाकी प्रोडक्ट्स की कीमतों में इजाफा होने से रिटेल महंगाई में इजाफा देखने को मिला है।

**दूसरी और सब्जियों, मीट व फिश की डिमांड ने महंगाई बढ़ाई**

वहीं दूसरी ओर सब्जियों की कीमतों में तेजी और सर्दियों में मीट और फिश की बढ़ती डिमांड की वजह से कीमतों में आई तेजी ने भी रिटेल महंगाई को बढ़ाने में अहम योगदान दिया है।

**नवंबर में खुदरा महंगाई 0.71 प्रतिशत पर थी**

### महंगाई चार फीसदी पर बनी रही

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि दिसंबर 2025 के दौरान प्रमुख महंगाई और फूड इंफ्लेशन में वृद्धि मुख्य रूप से पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स और प्रभाव, सब्जियों, मांस और मछली, अंडे, मसालों तथा दालों एवं उनके उत्पादों की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण हुई है। दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति लगातार चौथे महीने भारतीय रिजर्व बैंक की निचली संतोषजनक सीमा से नीचे रही।



### शहरी महंगाई

शहरी क्षेत्र की खाद्य महंगाई नवंबर 2025 के 1.40 फीसदी से बढ़कर दिसंबर 2025 में 2.03 फीसदी (अस्थायी) हो गई। खाद्य महंगाई में भी वृद्धि देखी गई है, जो नवंबर 2025 में -3.60 फीसदी से बढ़कर दिसंबर 2025 में -2.09% (अस्थायी) हो गई है।

### इन पांच राज्यों में बढ़ी सबसे ज्यादा महंगाई

अगर बात राज्यों की करें तो सबसे ज्यादा महंगाई केरल में बढ़ती हुई दिखाई दी है। आंकड़ों को देखें तो केरल में रिटेल महंगाई 9.49 फीसदी देखने को मिली है। उसके बाद कर्नाटक में महंगाई 2.99 फीसदी रही, जो अभी भी आरबीआई के 4 फीसदी के लोअर बैंड से नीचे है। आंध्र प्रदेश में महंगाई का आंकड़ा 2.71 फीसदी देखने को मिला। जबकि तमिलनाडु में 2.67 फीसदी और जम्मू-कश्मीर में महंगाई का आंकड़ा 2.26 फीसदी देखने को मिला है।

### महंगाई को लेकर प्रमुख आंकड़े

रिटेल महंगाई: सीपीआई पर आधारित दिसंबर 2025 के लिए दिसंबर 2024 की तुलना में सालाना महंगाई दर 1.33 फीसदी देखने को मिली। नवंबर 2025 की तुलना में दिसंबर 2025 की रिटेल महंगाई में 62 बेसिस प्वाइंट्स की वृद्धि हुई है।

**खाद्य महंगाई:** सीएफपीआई पर आधारित दिसंबर 2025 के लिए दिसंबर 2024 की तुलना में सालाना फूड इंफ्लेशन -2.71 फीसदी (अस्थायी) है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से संबंधित महंगाई दर क्रमश: -3.08 फीसदी और -2.09 फीसदी हैं। नवंबर 2025 की तुलना में दिसंबर 2025 में फूड इंफ्लेशन में 120 आधार अंकों की वृद्धि देखी गई है। दिसंबर 2025 के महीने के दौरान रिटेल महंगाई और फूड महंगाई में वृद्धि मुख्य रूप से पर्सनल केयर और सामान, सब्जियों, मांस और मछली, अंडे, मसालों और दालों और प्रोडक्ट्स की महंगााई में वृद्धि के कारण हुई है।

**ग्रामीण महंगाई:** दिसंबर 2025 में ग्रामीण क्षेत्र में रिटेल महंगाई और खाद्य महंगाई में वृद्धि देखी गई। दिसंबर 2025 में खाद्य महंगाई 0.76% (अस्थायी) रही, जबकि नवंबर 2025 में यह 0.10 फीसदी थी। सीएफपीआई आधारित खाद्य महंगाई दिसंबर 2025 में -3.08% (अस्थायी) रही, जबकि नवंबर 2025 में यह -4.05 फीसदी थी।

**आवास महंगाई:** दिसंबर 2025 के लिए वार्षिक आधार पर आवास महंगाई दर 2.86% (अस्थायी) है। नवंबर 2025 के लिए यह दर 2.95% थी। हाउसिंग इंडेक्स केवल शहरी क्षेत्र का संकलित किया गया है।

**एजुकेशन महंगाई:** दिसंबर 2025 के लिए वार्षिक आधार पर एजुकेशन महंगाई दर 3.32% (अस्थायी) है। नवंबर 2025 के लिए यह दर 3.38 फीसदी थी।

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में नौ प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में 11 जनवरी तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8.82 प्रतिशत बढ़कर 18.38 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। आयकर विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग ने कहा कि एक अप्रैल, 2025 से लेकर 11 जनवरी, 2026 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 8.63 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जबकि गैर-कॉरपोरेट कर (व्यक्तिगत करदाता और हिंदू अविभाजित परिवार समेत) से 9.30 लाख करोड़ रुपये का संग्रह हुआ। आयकर विभाग के मुताबिक, इस अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से संग्रह 44,867 करोड़ रुपये का रहा। इस दौरान कर रिफंड सालाना आधार पर 17 प्रतिशत घटकर 3.12 लाख करोड़ रुपये रह गया। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 11 जनवरी तक 4.14 प्रतिशत बढ़कर लगभग 21.50 लाख करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य 25.20 लाख करोड़ रुपये रखा है, जो एक साल पहले की तुलना में 12.7 प्रतिशत अधिक है। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 में एसटीटी से 78,000 करोड़ रुपये जुटाने का है।

## बारट्रॉनिक्स इंडिया लेगी एवाईओयू में हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी बारट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड कृषि-वाणिज्य मंच 'एवाईओयू' में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे एवाईओयू में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए निदेशक मंडल से रणनीतिक मंजूरी मिल गई है। बेंगलुरू स्थिति एवाईओयू का संचालन समुद्री खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण से जुड़ी कंपनी श्री नागा नरसिम्हा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाता है।

**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN: L65910KL1992PLC006623.
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/02/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बिलासपुर, मंगला चौक बिलासपुर, 122000730041351, कोर्बा, पॉवर हाउस रोड, 114460700006969, 114460700017972, ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा, 114450730053934,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:– इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/– नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 7076372064 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

## महाराष्ट्र के निकाय चुनाव के कारण 15 को बंद रहेगा शेयर बाजार




**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के कारण बृहस्पतिवार, 15 जनवरी को शेयर बाजार बंद रहेंगे। बीएसई और एनएसई ने यह जानकारी दी। शेयर खंड, वायदा एवं विकल्प खंड (डेरिवेटिव्स), जिंस और 'इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स' में कारोबार बंद रहेगा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने सोमवार को एक परिपत्र में कहा, ''महाराष्ट्र में 'नगर निगम' चुनाव के कारण बृहस्पतिवार, 15 जनवरी, 2026 को पूंजी बाजार खंड में अवकाश घोषित किया गया है।'' इससे पहले, एक्सचेंज ने कहा था कि वह 15 जनवरी को निपटान अवकाश के रूप में मनाएगा, जबकि उस दिन कारोबार खुला रहेगा। बीएसई ने भी अलग से घोषणा की कि नगर निगम चुनाव के कारण 15 जनवरी को कारोबार बंद रहेगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई–प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना**

क्र./32/न.पा.नि./जोन क्र.01/2026 सकरी, दिनांक 12/01/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 183594 | वार्ड क्र. 04 में नाली निर्माण कार्य संतोष सूर्यवंशी के घर से खेलन पात्रे के घर तक। | 10.34 | 27. 01. 2026 | 2nd Call |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 13/01/2026 सायंकाल में 05:31 बजे के पश्चात् प्राप्त की जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.01 सकरी
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

## सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग 27 प्रतिशत घटी




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने बताया कि घरों की मांग के लिए प्रमुख त्योहारी सत्र होने के बावजूद दिसंबर तिमाही में उसकी बिक्री बुकिंग 27 प्रतिशत घटकर 2,020 करोड़ रुपये रह गई। गुरुग्राम स्थित इस कंपनी ने पिछले साल की समान अवधि में 2,770 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची थीं। सिग्नेचर ग्लोबल ने शेयर बाजार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसने 408 इकाइयां बेची थीं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 1,518 इकाइयों की बिक्री हुई थी।

**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट – IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**


वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्नवर्णित को दिनांक को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **श्री राकेश कुमार सैनिक पुत्र श्री बलराम प्रसाद सैनिक** 60, बूटापारा दोमुहानी रोड वार्ड 7 दोमुहानी, बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495004 | खसरा नंबर 14/36, शीट नंबर 2, प्लॉट नंबर 28/1, मौजा – ढेका, पीएच नंबर 44, आरएनएम बिलासपुर, ब्लॉक बिल्हा, तहसील एवं जिला– बिलासपुर छत्तीसगढ़ क्षेत्रफलः 1125.00 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्री राकेश कुमार सैनिक पुत्र श्री बलराम प्रसाद चर्तुसीमाएँः उत्तरः संतुलित चंद्र की भूमि, दक्षिणः संगीता पांडे की भूमि, पूर्वः उत्तरा चंद्र की भूमि, पश्चिमः निस्तारी रास्ता BAANKNET PROPERTY ID: CNRBSAINIK LATITUDE: 22.040158 LONGITUDE: 82.209934 सांकेतिक कब्जा | 18.10.2024 / 21.12.2024 / दि. 12/01/2026 को ₹ 28,07,183.39/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 13,55,000/- / ₹ 1,35,500/- / ₹ 10000/- |
| धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 03/02/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 04/02/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर) | | | |
| ऋणीः **मेसर्स बेड इंडस्ट्रीज प्रो. श्रीमती दशमती उरनव पत्नि श्री बेदराम चंद्राकर** औद्योगिक क्षेत्र रजगामार रोड कोरबा, छत्तीसगढ़-495677 | इण्डस्ट्रियल भूमि एवं भवन स्थित खसरा क्रमांक 916/1, पी.एच. क्रमांक 13/20, मौजा ग्राम खारमोरा, गोकुल नगर रोड, वार्ड क्रमांक 31, आरएनएम कोरबा, तहसील दादरखुर्द, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़। चर्तुसीमाएँ (वास्तविक) पूर्वः सड़क, पश्चिमः सरकारी भूमि, उत्तरः विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिणः जाम कुंवर का खुला प्लाट क्षेत्रफल 13024 वर्गफुट संपत्ति मालिक- दशमती उरणव BAANKNET PROPERTY ID: CNRBBEDIND COORDINATES: 22.36053, 82.74938 सांकेतिक कब्जा | 01.05.2025 / 10.07.2025 / दि. 12/01/2026 को ₹ 26,12,199.94/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 52,10,000/- / ₹ 5,21,000/- / ₹ 10000/- |
| धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 22/02/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 23/02/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर) | | | |

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9755569030 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 12-01-2026, स्थान : भोपाल प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## शेयर बाजार ने पांच दिनों की गिरावट का सिलसिला तोड़ा, सेंसेक्स 302 अंक मजबूत



**मुंबई।** पिछले पांच कारोबारी सत्रों में भारी गिरावट के बाद सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स में 302 अंक की तेजी रही जबकि एनएसई निफ्टी 107 अंक चढ़ गया। कारोबारियों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई उम्मीद जगने और ऊर्जा, बैंकिंग एवं धातु शेयरों में निचले स्तरों पर खरीदारी आने से बाजार को सहारा मिला। हालांकि भू-राजनीतिक तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने तेजी को सीमित रखा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बाद 301.93 अंक चढ़कर 83,878.17 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में एक समय यह 715.17 अंक गिरकर 82,861.07 अंक तक फिसल गया था लेकिन बाद में यह संभला और बढ़त लेने में सफल रहा।



# बार्सिलोना ने फिर जीता स्पेनिश सुपर कप का खिताब

## रियल मैड्रिड को हराया, राफिन्हा ने दागा विजयी गोल

एजेंसी ▶▶| जेद्दा

राफिन्हा के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राफिन्हा का 73वें मिनट में किया गया विजयी गोल संयोगवश आया, जब शॉट मारते समय वह फिसल गए और गेंद मैड्रिड के डिफेंडर राउल असेंसियो से टकराकर गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस को चकमा दे गई। फाइनल के पहले हाफ का अंत बेहद रोमांचक रहा, जब ब्रेक से पहले स्टॉपेज टाइम में तीन गोल हुए, जिनमें से दो रियल मैड्रिड ने और एक बार्सिलोना ने किया।




पिछले साल के फाइनल में भी बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 5-2 से हराया था, जिसमें राफिन्हा ने दो गोल किए थे। बार्सिलोना ने 16वां सुपर कप खिताब जीता, जो किसी भी अन्य क्लब से अधिक है। रियाल मैड्रिड 13 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है। घुटने की चोट के कारण मिनी-सुपर कप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए काइलियन एमबाप्पे 76वें मिनट में मैदान पर उतरे, लेकिन रियल मैड्रिड को बराबरी दिलाने में नाकाम रहे। बार्सिलोना ने 36वें मिनट में राफिन्हा के शानदार गोल से बढ़त बनाई। उसके लिए रॉबर्ट लेवांडोस्की ने भी गोल किया। रियल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर और गोंजालो गार्सिया ने गोल किए।

# एफए कप से बाहर मैनचेस्टर यूनाइटेड, ब्राइटन से हारी

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

मुख्य कोच रुबेन अमोरिम को बर्खास्त करने बाद भी मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्रदर्शन में किसी तरह का सुधार नहीं हुआ और उसकी टीम ब्राइटन से 2-1 से हारकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। प्रीमियर लीग की दिग्गज टीम और 13 बार की एफए कप विजेता मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारण पिछले सप्ताह ही अपने मुख्य कोच रुबेन को पद से हटा दिया था।

ब्राजन ग्रुडा ने 12वें मिनट में ब्राइटन को बढ़त दिलाई। इसके बाद यूनाइटेड के पूर्व स्ट्राइकर डैनी वेलबेक ने 64वें मिनट में ब्राइटन की तरफ से दूसरा गोल दागा, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। यूनाइटेड की तरफ से बेंजामिन सेस्को ने अंतिम समय में गोल किया, जिससे हार का अंतर ही कम हो पाया। इस बीच

## प्रीमियर लीग की दिग्गज टीम, 13 बार जीत चुकी खिताब



आर्सेनल ने गैब्रियल मार्टिनेली की हैट्रिक की मदद से पोर्ट्समाउथ के खिलाफ 4-1 की जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। लीड्स ने डर्बी को 3-1 से हराया जबकि तीसरी श्रेणी की टीम मैन्सफील्ड ने प्रीमियर लीग की प्रमुख टीम शेफील्ड यूनाइटेड को 4-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। एकअन्य मैच में नॉर्विच ने वॉल्सॉल को 5-1 से हराया।

## खबर संक्षेप



### कोहली पर अंकुश लगाना किसी भी गेंदबाज के लिए टेढ़ी खीर: जैमीसन

**वडोदरा।** विराट कोहली के प्रतिद्वंद्वी और साथी खिलाड़ी रह चुके न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर काइल जैमीसन इस भारतीय बल्लेबाज के कौशल को देख कर हैरान रह जाते हैं और उनका मानना है कि इस दिग्गज खिलाड़ी पर अंकुश लगाना किसी भी गेंदबाज के लिए टेढ़ी खीर होती है। कोहली रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में इस प्रारुप में रिकॉर्ड 54वां वनडे शतक बनाने के करीब थे, लेकिन जैमीसन ने उन्हें 93 रन पर आउट कर दिया। भारत ने यह मैच चार विकेट से जीता। जैमीसन ने कहा कि यह निर्धारित करना मुश्किल है कि यह भारतीय बल्लेबाज इस समय अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है या नहीं। जैमीसन ने कहा, ' यह कहना मुश्किल है कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है या नहीं। वह लंबे समय से काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### कोहली देते हैं अपने बल्ले से जवाब : अय्यर

**वडोदरा।** श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि यह चैंपियन क्रिकेटर बरसों से अपने बल्ले से जवाब दे रहा है, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के पहले मैच में खेली गई शानदार पारी शामिल है।



अय्यर ने कहा ,'उनकी पारी के बारे में जितना भी बोलें, कम होगा। हम इतने सालों से देख रहे हैं और वह लगातार कर रहे हैं। जिस तरह से वह स्ट्राइक रोटेट करते हैं और गेंदबाजों की धुनाई करते हैं, वह अपने बल्ले से ही जवाब देते हैं।' अय्यर ने कहा,' श्रृंखला की शुरुआत जीत के साथ करके अच्छा लगा। टीम में काफी समय बाद लौटा हूं और बहुत अच्छा लग रहा है। सभी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना शानदार अनुभव है। मुझे इसकी कमी खल रही थी और वापसी करके बहुत अच्छा लग रहा है।'

### राष्ट्रीय ओलंपिक अकादमी अहमदाबाद में फिर शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अहमदाबाद में राष्ट्रीय ओलंपिक अकादमी (एनओए) को 'औपचारिक रूप से फिर से शुरू करने' की घोषणा की, जिसकी कमान आईओए अध्यक्ष और पूर्व दिग्गज धाविका पीटी उषा संभालेंगी। इसे भारत में ओलंपिक आंदोलन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया जा रहा है।




आईओए ने साथ ही कहा कि राष्ट्रीय ओलंपिक शिक्षा एवं विकास कार्यक्रम (एनओईडीपी) भी शुरू किया जाएगा। आईओए ने कहा, 'आईओए की आम सभा ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पीटी उषा को राष्ट्रीय ओलंपिक अकादमी का अध्यक्ष और आईओए के उपाध्यक्ष तथा ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग को अकादमी के निदेशक के रूप में मंजूरी दी है।' गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में भारत सेंटर ऑफ ओलंपिक रिसर्च एंड एजुकेशन (बीसीआरओई) था।

## विजय हजारे ट्रॉफी : मुंबई को 54 रन से करना पड़ा हार का सामना

# कर्नाटक लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पड़िक्कल और नायर ने खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

गत चैंपियन कर्नाटक ने वर्षाबाधित मैच में वीजेडी पद्धति के जरिए मुंबई को 54 रन से हराकर लगातार चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बना चुके देवदत्त पडिक्कल ने 95 गेंद में 11 चौकों की मदद से नाबाद 81 रन बनाए जबकि भारत के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर ने 80 गेंद में नाबाद 74 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल थे। कर्नाटक ने जीत के लिए 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बारिश होने तक 33 ओवर में एक विकेट पर 187 रन बना लिए थे। उस समय वीजेडी प्रणाली से लक्ष्य 132 रन था और कर्नाटक 55 रन आगे था, जिससे उसे विजेता घोषित किया गया।



### सरफराज टूर्नामेंट से बाहर

इससे पहले मुंबई को करारा झटका लगा जब अभ्यास के दौरान ऊंगली में चोट के कारण उसके शीर्ष बल्लेबाज सरफराज खान (303 रन) टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उनकी गैर मौजूदगी में मुंबई आठ विकेट पर 254 रन ही बना सके। शम्स मुलानी ने 86 रन बनाए जबकि सिद्धेश लाड ने 38 रन का योगदान दिया। कर्नाटक के लिए विद्याधर पाटिल ने 42 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि अभिलाष शेट्टी और विद्वत कावेरप्पा ने दो-दो विकेट चटकाए।

### सौराष्ट्र सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश को हराया

**बेंगलुरु।** कप्तान हार्विक देसाई के नाबाद शतक से सौराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को वर्षा से बाधित मैच में वीजेडी पद्धति के तहत 17 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। उत्तर प्रदेश ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आठ विकेट पर 310 रन बनाए। इसके जवाब में जब सौराष्ट्र ने 40.1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा, जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया और सौराष्ट्र को वी जयदेवन (वीजेडी) पद्धति के तहत विजेता घोषित किया गया। सौराष्ट्र की ओर से कप्तान देसाई ने 116 गेंद में नाबाद 100 रन बनाए। उन्होंने प्रेरक मांकड़ (66 गेंद में 67 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन की पारी खेली। देसाई ने इसके बाद चिराग जानी (नाबाद 40, 31 गेंद) के साथ चौथे विकेट के लिए 76 रन की अटूट साझेदारी की। देसाई ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के मारे।

### अभिषेक और रिज्वी ने जड़े अर्धशतक

उत्तर प्रदेश के लिए अभिषेक गोस्वामी (88) और समीर रिज्वी (88) ने अर्धशतक जड़े। गोस्वामी ने अपनी पारी में 12 चौके मारे जबकि समीर ने 10 चौके और दो छक्के जड़े। समीर ने प्रशांत वीर (30) के साथ 50 जबकि गोस्वामी के साथ 45 रन की साझेदारी की। कप्तान रिंकू सिंह (13) ने हालांकि निराश किया। प्रियम गर्ग ने भी 35 रन का योगदान दिया। सौराष्ट्र की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया ने 54 रन पर तीन विकेट चटकाए। अंकुर पंवार और प्रेरक मांकड़ ने दो-दो विकेट चटकाए।

## क्रिकेट

# न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से बाहर वाशिंगटन, बडोनी की टीम में एंट्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर वडोदरा में खेले गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पसली में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच ओवर में 27 रन दिए और न्यूजीलैंड की पारी के बीच में ही मैदान से बाहर चले गए।


इसके बाद वह क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर नहीं उतरे। वह बाद में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। भारत ने यह मैच चार विकेट से जीता। वाशिंगटन की जगह टीम में आयुष बदोनी को शामिल किया गया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, 'वाशिंगटन अपनी बायीं पसली के निचले हिस्से में तकलीफ होने के कारण श्रृंखला में आगे नहीं खेल पाएंगे।' वाशिंगटन चोटिल होने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते साइड स्ट्रेन के कारण मौजूदा श्रृंखला से बाहर हो गए थे, जबकि तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि उन्हें ग्रोइन की चोट के लिए सर्जरी करवानी पड़ी थी।

### बडोनी को किया वनडे टीम में शामिल

वाशिंगटन सुंदर को वनडे सीरीज के बाकी दो मैचों से बाहर कर दिया गया है और उनकी जगह टीम में आयुष बदोनी को शामिल किया गया है। आयुष बदोनी को पहली बार भारतीय वनडे टीम में शामिल किया गया है। आयुष बदोनी घरेलू स्तर पर दिल्ली के लिए खेलते हैं, जो दाहिने हाथ के बल्लेबाज हैं साथ ही वो दाहिने हाथ से ही स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। आयुष ने अब तक 21 फर्स्ट क्लास मैचों में 1681 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक शामिल हैं और इन मैचों में उन्होंने 22 विकेट भी लिए हैं। आयुष ने अब तक खेले 27 लिस्ट ए मैचों में 693 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक शामिल हैं और उनके नाम पर कुल 18 विकेट दर्ज हैं।

## एएसबी क्लासिक

# भांबरी-गोरानसन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची



एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में सीधे सेटों में जीत हासिल करके पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भांबरी और गोरानसन ने पहले दौर के मैच में अजीत राय और जीन जूलियन रोजर की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी को 6-3 6-2 से हराया। भांबरी और गोरानसन ने पूरे मुकाबले के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण का प्रदर्शन किया।



### भांबरी-गोरानसन ने बनाया दबदबा

भांबरी और गोरानसन की जोड़ी ने अपनी सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट लेकर मैच को एक घंटे से कुछ अधिक समय में ही समाप्त कर दिया। इस तरह से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले अपनी शानदार फॉर्म का भी सबूत पेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मुकाबले में चार ब्रेक प्वाइंट में से तीन को बचाया और अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को चार बार तोड़ा। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण है।

## प्रबंधन मुझे ऑलराउंडर के रूप में तैयार करना चाहता है : राणा

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

यह तो अब जगजाहिर हो चुका है कि भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को ऑलराउंडरों से विशेष लगाव है और तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने पुष्टि की है कि टीम प्रबंधन ने उनसे अपने बल्लेबाजी कौशल में सुधार करने के लिए कहा है।



राणा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में भारत की चार विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया और फिर जब भारत लक्ष्य का पीछा करते हुए थोड़ा मुश्किल स्थिति में था तब 23 गेंदों में 29 रन बनाए। राणा ने चोटिल वाशिंगटन सुंदर से पहले बल्लेबाजी की। राणा ने कहा, 'टीम प्रबंधन मुझे एक ऑलराउंडर के रूप में तैयार करना चाहता है और मैं इस पर लगातार काम कर रहा हूं। मैं अभ्यास सत्र के दौरान अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। यह आत्मविश्वास का मामला था, जिसमें केएल (राहुल) भाई ने मेरी मदद की।'

# श्रीलंका ने घरेलू मैदान में 14 साल बाद चखा जीत का स्वाद, पाक को दी मात

एजेंसी ▶▶| दांबुला

कप्तान दासुन शनाका की आतिशी पारी और स्पिनर वानिंदु हसरंगा की शानदार गेंदबाजी की मदद से श्रीलंका ने तीसरे औरअंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 14 रन से हराकर घरेलू मैदान पर जीत के 14 साल के सूखे को समाप्त करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।



बारिश से प्रभावित मैच में शनाका ने नौ गेंदों में 34 रन बनाने में पांच छक्के जड़े, जिससे श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद निर्धारित 12 ओवरों में छह विकेट पर 160 रन का मजबूत स्कोर खड़ा कर दिया। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने केवल 12 गेंदों में 45 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके बाद श्रीलंका के तेज गेंदबाजों मथीशा पथिराना (34 रन देकर दो विकेट) और ईशान मलिंगा (27 रन देकर एक विकेट) ने आखिर में दो किफायती ओवर फेंके जबकि हसरंगा ने 35 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान की टीम आठ विकेट पर 146 रन ही बना पाई। श्रीलंका की पाकिस्तान के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2012 के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह पहली जीत है। पाकिस्तान ने पहला टी20 मैच छह विकेट से जीता था, जिसके बाद दांबुला में दूसरा मैच बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया था।

# मुंबई इंडियंस को गुजरात जायंट्स से मिलेगी कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली गुजरात जायंट्स की टीम अपने बल्लेबाजों के अच्छे खेल के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मंगलवार 13 जून को होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। जायंट्स का बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत है, जिसकी बानगी उसके पहले दो मैच में देखने को मिली। इन दोनों मैच में उसने 200 से अधिक रन का स्कोर खड़ा करके जीत हासिल की। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को मिली जीत से उसका आत्मविश्वास बढ़ना तय है क्योंकि सोफी डिवाइन ने शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 95 रन की शानदार पारी खेली और इसके बाद उसके गेंदबाजों ने अपने बड़े स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। कप्तान एशले गार्डनर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और खुद उनके अनुसार वह डब्ल्यूपीएल के चौथे सत्र की इससे बेहतर शुरुआत की कल्पना नहीं कर सकती थीं।




### मुंबई इंडियंस बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध

मुंबई इंडियंस ने भी पहले मैच में हार के बाद अपने दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था और वह उसी तरह के प्रदर्शन को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। उसकी सबसे बड़ी मैच विजेता नैट साइवर ब्रंट शानदार फॉर्म में हैं, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 42 गेंदों में 74 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया।

एनएमडीसी
NMDC
**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद-500028
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) - L13100TG1958GO1001674

**अनुबंध विभाग**

दिनांक: 13.01.2026

निविदा पूछताछ संख्या: HO(Works)/Contracts/KDL MRSS-A/2025/1108/302
GST सहित कार्य की अनुमानित लागत: 42.11 करोड़ रुपये

एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक "नवरत्न" सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, अनुभवी, प्रतिष्ठित और सक्षम घरेलू बोलीदाताओं से ''बैलाडीला आयरन ओर माइन, किरंदुल कॉम्प्लेक्स, छत्तीसगढ़'' में 33/3.3kV मेन रिसीविंग सब स्टेशन-A (MRSS-A) और इसके संबद्ध आउटडोर स्विचगियर को गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन और इंडोर स्विचगियर के साथ टर्नकी आधार पर बदलने" के कार्य के लिए MSTC पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करती है। विस्तृत NIT और बोली दस्तावेज 13/01/2026 से 10/02/2026 तक निम्नलिखित वेबसाइट लिंक से देखे और/या डाउनलोड किए जा सकते हैं:

1. एनएमडीसी वेबसाइट-https://nmdcportals.nmdc.co.in/ nmdctender
2. सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल (CPP पोर्टल) http://www.eprocure.gov .in/ epublish/app और
3. MSTC पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ और एनएमडीसी टेंडर इवेंट नंबर NMDC/ Head Office/Contract/24/25-26/ ET/348 [33kV MRSS-A का प्रतिस्थापन] खोजें। अधिक सहायता के लिए MSTC वेबसाइट पर दी गई 'विक्रेता गाइड' देखें।

बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां केवल MSTC पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। ऑनलाइन बोली जमा करने का विवरण NIT में दिया गया है। बोलीदाताओं को भविष्य में किसी भी शुद्धिपत्र के लिए नियमित रूप से एनएमडीसी की वेबसाइट/CPP पोर्टल/MSTC वेबसाइट पर जाने की आवश्यकता है। अधिक स्पष्टीकरण के लिए,
निम्नलिखित से संपर्क किया जा सकता है:
1) कार्यकारी निदेशक (कार्य), एनएमडीसी एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद
टेलीफोन नंबर +91-040-23538761, ईमेल: contracts@nmdc.co.in

कार्यकारी निदेशक (कार्य)




# ऑस्ट्रेलिया में है दुनिया की सबसे प्राचीन नदी, 40 करोड़ साल पहले किनारे पर घूमते थे डायनासोर

**कैनबरा।** नदियों का भी दूसरी प्राकृतिक चीजों की तरह ही एक लाइफ साइकिल होता है। नदियां वक्त के साथ बड़ी होती हैं, अपनी धारा बदलती हैं और फिर सूख जाती हैं। माना जाता है कि नदियां एक समय के बाद सूखती हैं, लेकिन अब इस समझ को चुनौती मिली है। दुनिया की सबसे पुरानी नदी कई हजार साल से बह रही है। यह ऑस्ट्रेलिया की फिंके नदी (स्थानीय भाषा में लारापिंटा) है। यह नदी 300 से 400 मिलियन साल यानी 30 से 40 करोड़ वर्ष पुरानी है, जो इसे दुनिया की सबसे पुरानी नदी बनाती है। दावा किया जाता है कि यह नदी डायनासोर से भी पुरानी है। यानी इसके आसपास कभी डायनासोर घूमते थे।

### सूखे इलाके की यह नदी बाकी नदियों से अलग

ऑस्ट्रेलिया के सूखे इलाके की यह नदी बाकी नदियों से अलग है। साल के ज्यादातर समय यह रेत और पानी के छोटे गड्ढों जैसी दिखती है, जिसमें बहुत कम पानी होता है। भूवैज्ञानिकों का कहना है कि यह दुनिया की सबसे अनोखी नदियों में से है। ऑस्ट्रेलिया के नॉर्दर्न टेरिटरी में बहने वाली फिंके को दुनिया की सबसे पुरानी नदी माना जाता है। फिंके का भूवैज्ञानिक इतिहास इसे लगातार बहने वाली सबसे प्राचीन नदी प्रणालियों में से एक बनाता है।



### कहां बहती है फिंके नदी

फिंके नदी मैक्डोनेल रेंजसे निकलती है, जो एलिस स्प्रिंग्सके पश्चिम में है। यह दक्षिण-पूर्व की ओर मध्य ऑस्ट्रेलिया को पार करते हुए सिम्पसन डेजर्टकी रेत में विलीन हो जाती है। फिंके नदी एक मौसमी नदी है और केवल बारिश के बाद ही इसमें पानी आता है। लंबे समय तक सूखी रहने के बावजूद फिंके नदी मध्य ऑस्ट्रेलिया का महत्वपूर्ण प्राकृतिक हिस्सा है। फिंके नदी की उम्र को समझने के लिए जानना जरूरी है कि 300-400 मिलियन साल पहले बहने वाली यह नदी डायनासोर से बहुत पहले की है, जो करीब 230 मिलियन साल पहले आए थे। लाखों सालों में इस नदी ने महाद्वीपीय बहाव, जलवायु परिवर्तन, बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की घटनाओं और मध्य ऑस्ट्रेलिया के धीरे-धीरे सूखने का सामना किया है।

### स्थानीय लोगों में श्रद्धा

फिंके नदी पश्चिमी अरेंटेलोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो इस नदी के किनारे रहने वाले पारंपरिक संरक्षक हैं। इस नदी का स्थानीय आदिवासियों की कहानियोंऔर सांस्कृतिक परंपराओं में खूब जिक्र है। इस नदी पर स्थानीय लोगों की हजारों साल पुरानी निर्भरता के चलते इसको आज भी बेहद सम्मान की नजर से देखा जाता है। फिंके नदी को दुनिया की सबसे पुरानी नदी कहा जाता है। हालांकि वैज्ञानिक इस पर कोई ठोस दावा करने से बचते हैं। नील, सिंधु और अमेरिका की न्यू रिवर जैसी नदियां भी लाखों वर्ष पुरानी मानी जाती हैं। फिंके को जो चीज अनोखी बनाती है, वह इस बात के सबूत हैं कि इसका रास्ता लाखों सालों से तकरीबन एक जैसा है। यह नदी दुनियाभर के एक्सपर्ट को आकर्षित करती रही है।

## रोचक खबरें

### मजे-मजे के लिए गुफा में घुसा, वही बन गई कब्र, दुनिया का सबसे बदनसीब इंसान!

**लंदन।** मौत का आना तय है लेकिन कब और किस तरह आने वाली है, इसका अंदाजा लोगों को नहीं होता। हालांकि, कुछ लोगों की मौत का तरीका



इतना अजीबोगरीब होता है कि उसपर सिर्फ हैरानी ही होती है। ऐसी ही मौत हुई थी जॉन एडवर्ड जोंस की। रोमांच के चक्कर में उसे मौत का सामना करना पड़ा। मौत कभी भी आ सकती है, लेकिन कुछ मौतें इतनी भयानक होती हैं कि सुनकर रूह कांप जाती है। 26 नवंबर 2009 की शाम, 26 वर्षीय मेडिकल स्टूडेंट जॉन एडवर्ड जोन्स अपनी पत्नी एमिली (जो उस समय दूसरी संतान की उम्मीद में थीं), बेटी और भाई जोश के साथ थैंक्सगिविंग के लिए यूटा आए थे। लेकिन, उन्हें ये पता नहीं था कि ये उनका आखिरी फैमिली ट्रिप होगा। बचपन से ही जॉन को गुफा एक्सप्लोरेशन का शौक था। भाई जोश ने सुझाव दिया कि नट्टी पुट्टी गुफा चला जाए, जो साल्ट लेक सिटी से करीब 55 मील दूर थी। यह गुफा 1960 में खोजी गई थी और इसके नरम, पुट्टी जैसे भूरे मिट्टी के कारण नाम पड़ा था। यह शुरुआती स्तर की गुफा मानी जाती थी, जहां हजारों लोग सालाना आते थे। वैसे तो जॉन को एक्सपीरियंस था, लेकिन उस दिन कुछ और ही होना लिखा था।

### 439 मिलियन साल पुरानी : चीन में मिले 4 प्राचीन मछलियों के जीवाश्म

**बीजिंग।** चीन में चार प्राचीन मछलियों के जीवाश्म मिले हैं, जो ज्ञात सबसे



पुराने जबड़े वाले कशेरुकियों के हैं और इनसे वैज्ञानिकों को जबड़ों के विकास बारे अच्छी-खासी जानकारी मिली है। यह कहानी मानव और अन्य कशेरुकी जीवों के जबड़ों की उत्पत्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण खोज पर आधारित है।चीन में वैज्ञानिकों ने चार प्राचीन मछलियों के जीवाश्म पाए हैं, जिनमें से दो 436 मिलियन साल पुराने और दो 439 मिलियन साल पुराने हैं। ये जीवाश्म अब तक के ज्ञात सबसे पुराने जबड़े वाले कशेरुकियों के हैं, यानी ऐसे जानवर जिनके शरीर में रीढ़ की हड्डी होती है। इससे पहले इस समय की मछलियों के बारे में बहुत कम जानकारी थी। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन मछलियों की लंबाई कुछ इंच से ज्यादा नहीं थी। इनमें से जियुशानोस्टियस मिराबिलिस लगभग 3 सेंटीमीटर लंबी थी और इसका शरीर दो हिस्सों में बंटा था।




## चमत्कार

### मंगल ग्रह जैसा आता है नजर

# वो जगह जहां 400 सालों से नहीं हुई बारिश, फिर भी जीवन नहीं हुआ खत्म

**सैंटियागो।** क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा कोई जगह हो सकती है जहां सैकड़ों सालों तक बारिश ना हो, लेकिन वहां कोई प्यासा ना मरे? जी हां, ऐसा ही एक चमत्कारिक स्थान है चिली का अटाकामा डेजर्ट! यह दुनिया का सबसे सूखा गैर-ध्रुवीय रेगिस्तान है, जहां कुछ इलाकों में पिछले 400 सालों से ज्यादा समय तक एक भी बूंद बारिश नहीं दर्ज हुई है। कुछ वेदर स्टेशनों पर तो कभी बारिश रिकॉर्ड ही नहीं हुई है। फिर भी यह जगह पर्यटकों की पहली पसंद बनी हुई है और नासा के वैज्ञानिकों का सबसे फेवरेट स्पॉट है। नासा अपने मंगल मिशनों के लिए इसी जगह पर ट्रायल करता है। अगर देखा जाए तो वाकई ये जगह धरती पर मौजूद मंगल ग्रह जैसा ही नजर आता है।



### बेहद सूखा है ये प्रदेश

अटाकामा डेजर्ट चिली के उत्तरी हिस्से में फैला हुआ है, जो प्रशांत महासागर के किनारे और एंडीज पर्वतों के बीच स्थित है। यहां की सूखापन की वजह दोहरी 'रेन शैडो'इफेक्ट है। एक तरफ एंडीज पर्वत पूर्व से आने वाली बारिश की बादलों को रोक लेते हैं और दूसरी तरफ ठंडी हम्बोल्ट्ट करंट प्रशांत से आने वाली नमी को सोख लेती है। नतीजा? सालाना औसत बारिश सिर्फ 1-15 मिलीमीटर और कुछ जगहों पर 0.03 इंच तक! कैलामा शहर में 1570 से 1971 तक यानी 400 साल से ज्यादा समय तक कोई मेजर बारिश नहीं हुई थी। लेकिन, सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यहां जीवन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। यहां फ्लेमिंगो, लामा, विकुना जैसे जानवर घूमते हैं। साल्ट फ्लैट्स (नमक के मैदान) में पानी की झीलें हैं, जहां हजारों फ्लेमिंगो इकट्ठा होते हैं। यहां की खूबसूरती इतनी अनोखी है कि इसे 'वैली ऑफ द मून' कहा जाता है यानी चंद्रमा जैसा लैंडस्केप! यहां लाल रेत के टीले, क्रैक वाली जमीन और एक्टिव ज्वालामुखी इसे और भी रहस्यमयी बनाते हैं।

### नासा की फेवरिट जगह

नासा अटाकामा को बेहद पसंद करते हैं क्योंकि यह मंगल ग्रह जैसा है। यहां की मिट्टी, सूखापन और एक्सट्रीम कंडीशंस मंगल पर जीवन की संभावना समझने में मदद करती है। नासा के एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट यहां आकर टेस्ट करते हैं। साथ ही, दुनिया के सबसे बड़े टेलीस्कोप जैसे एएलएमए (अटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलीमीटर ऐरे) यहां लगे हुए हैं। आसमान इतना साफ है कि रात में आकाशगंगा नंगी आंखों से दिखती है। स्टार गेजिंग के लिए ये जगह परफेक्ट है। यहां पर्यटन भी जबरदस्त है। सैन पेड्रो डे अटाकामा शहर बेस है, जहां से टूर जाते हैं।



# यूट्यूब से सीखा काम और बना डाली 11 करोड़ रुपए की कंपनी!


**ओटावा।** नई क्या वाकई सिर्फ यूट्यूब से सीखी गई स्किल के दम पर करोड़ों की कंपनी खड़ी की जा सकती है? कनाडा के उद्यमी टुआन ले ने यह कर दिखाया है। बिना किसी बिजनेस बैकग्राउंड और अनुभव के उन्होंने एक संघर्षरत शुरुआत को 1.4 मिलियन डॉलर (करीब 11 करोड़ रुपए) की कामयाबी में बदल दिया. टुआन ले की कहानी उन लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा है जो संसाधनों की कमी या असफलताओं की वजह से हार मान लेते हैं।

### पहले साल कमाए सिर्फ 8,500 डॉलर

टुआन ले ने अपने बिजनेस की शुरुआत बेहद साधारण तरीके से की। उन्होंने स्थानीय छोटे व्यवसायों के लिए वीडियो बनाना शुरू किया, वो भी बिना किसी अनुभव के। टुआन बताते हैं, मैंने पहले साल कुल 8,500 डॉलर कमाए। मैंने बहुत कम फीस ली, ताकि पोर्टफोलियो तैयार कर सकूं. उनका मकसद उस वक्त कमाई नहीं, बल्कि सीखना और काम दिखाना था।

### महामारी में छिन गए क्लाइंट फिर भी नहीं मानी हार

दूसरे साल उनकी कमाई बढ़कर 17,000 डॉलर हो गई, लेकिन कोविड महामारी ने सब कुछ उलट-पुलट कर दिया। ज्यादातर क्लाइंट्स चले गए और बिजनेस लगभग ठप हो गया। तीसरे साल की शुरुआत में, जब पूरी दुनिया लॉकडाउन में थी, टुआन ने सिर्फ 12,350 डॉलर कमाए। हालात इतने खराब थे कि उन्होंने पढ़ाई में वापस लौटने तक का मन बना लिया था।



### चौथे साल से रफ्तार, पांचवें साल में इतिहास

चौथे साल टुआन ने अपना पहला कर्मचारी रखा और सालाना कमाई 350,000 डॉलर तक पहुंच गई। आज उनकी कंपनी में 15 लोगों की टीम काम कर रही है और बड़े-बड़े ब्रांड्स उनके क्लाइंट हैं। पांचवें साल टुआन ले ने कुल मिलाकर 1.4 मिलियन डॉलर की कमाई कर ली।

### हजारों ईमेल और बदली किस्मत

हालांकि, टुआन ने हार मानने के बजाय पूरा दांव अपने बिजनेस पर लगा दिया. उन्होंने हजारों कोल्ड ईमेल्स भेजे, लगातार मेहनत की और आखिरकार किस्मत ने साथ दिया। तीसरे ही साल के अंत तक उनकी कमाई 110,000 डॉलर पहुंच गई। टुआन लिखते हैं, तीसरा साल सबसे मुश्किल था। बहुत कोशिश की, लेकिन कुछ काम नहीं कर रहा था। फिर भी मैंने टिके रहने का फैसला किया।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com